संक्षेप

## किशोरी का अपहरण, आरोपी के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी पन्द्रह वर्षीया बेटी बीती दो मार्च की दोपहर घर से गांव की एक दुकान पर सामान लेने गयी थी। काफी देर बाद उसकी बेटी वापस नहीं लौटी तो खोजबीन किया किंतु उसका पता नही लग सका। पीडित के मुताबिक बेटी का फोन भी बंद मिला। तीन मार्च को जानकारी हुई कि उसकी बेटी को मऊ जिले के मधूपुर निवासी आरोपी गुडान बहलाफुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने गैगेस्टर के तीन आरोपियों को हिरासत मे ले लिया। थाने के दरोगा कैलाश यादव व अमित कुमार गुरूवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। राहाटीकर चौराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि गैगेस्टर का एक आरोपी थाना क्षेत्र में घूम रहा है। पुलिस ने रामपुर कसिहा सई पुल के पास थाना क्षेत्र के पूरे बसावन राहाटीकर निवासी अंकित यादव पुत्र सूर्यदेव यादव, इसी गांव के रंजीत कोरी पुत्र लक्ष्मण तथा ममता सिंह पुत्री अमर सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियो को जेल भेज दिया।

## किशोरी का अपहरण, केस दर्ज

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीडिता ने एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी बेटी हाईस्कूल की छात्रा है। तीन मार्च को रात करीब आठ बजे घर से शौच के लिए निकली थी। पीडिता का कहना है कि देर रात तक उसकी बेटी घर नहीं लौटी तो वह परेशान हो उठी। खोजबीन के बावजूद बेटी का पता न चलने पर उसने एसपी को शिकायती पत्र दिया। पीड़िता ने किशोरी के अपहरण व अनहोनी की आशंका जताते हुए एसपी से कार्रवाई की फरियाद की। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय की फटकार पर पुलिस ने किशोरी के अपहरण का केस दर्ज किया है। एसओ लीलापुर अरूण सिंह का कहना है कि अपहरण का केस दर्ज किया गया है, शीघ्र ही अपहता छात्रा को सकुशल बरामद किया जाएगा।

## प्रभु की आराधना से मिलती है मन को शान्ति

प्रतापगढ़। अमावां क्षेत्र के मां अम्बिका पब्लिक स्कूल में हो रही धार्मिक कथा में कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर जी ने श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान के प्रति ध्यान लगाने से मन को शांति मिला करती है। उन्होने कहा कि भगवान की आराधना सदैव निष्काम करनी चाहिए। कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर ने कहा कि महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण जी ने धर्म युद्ध का शंखनाद करते हुए सत्य पक्ष का साथ दिया। उन्होनें कहा कि सत्य की रक्षा के लिए अपने पराये में विभेद नही करना चाहिए। गुरूवार को कथा में हुए भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को उत्साहित देखा गया। कथा के संयोजक पं. शिवाकांत द्विवेदी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया।

## वकीलों ने जताया आक्रोश

प्रतापगढ़। तहसील परिसर में साफ सफाई न होने तथा वाटर एटीएम मे खराबी को लेकर अधिवक्ताओं ने आक्रोश जताया है। गुरूवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ की हुई आम सभा में तहसील परिसर में वादकारी शेडो मे साफ सफाई न होने तथा सार्वजनिक शौचालय में गंदगी को लेकर नाराजगी जतायी गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि बार बार इन समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया है। इसके बावजूद प्रशासन का रवैया असंतोषजनक है। उन्होनें कहा कि समाधान न होने पर वकील अगले सप्ताह से संघर्ष शुरू करेंगे। संचालन महामंत्री सूर्यकांत निराला ने किया। बैठक का संयोजन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर देवीप्रसाद मिश्र, अनिल शर्मा, अरूण तिवारी, शहजाद अंसारी, रामअभिलाष यादव, आशीष तिवारी, संतोष पाण्डेय, सुशील शुक्ल, राजेश सरोज, इरफान, शिव नारायण शुक्ल, मनीष क्रांतिकारी, अखिलेश दुबे आदि अधिवक्ता रहे।

# शातिर बदमाश गिरफ्तार

नोएडा। नोएडा पुलिस ने बुधवार रात को मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से मोटरसाइकिल, अवैध हथियार एवं नकदी बरामद की। पुलिस उपायुक्त जोन प्रथम रामबदन सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि सेक्टर 24 थाने की पुलिस बुधवार देर रात को सेक्टर 54 के पास जब अवरोधक लगाकर जांच कर रही थी, तभी एक व्यक्ति बाइक से आता हुआ दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन संदिग्ध वहां से भागने लगा। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने पीछा कर उसे घेर लिया। अपने आपको घिरा हुआ देख बदमाश ने पुलिस पर गोली चलाई। हालांकि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश मक्कू (32) घायल हो गया।

उन्होंने बताया कि बदमाश के पास से पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल, देसी तमंचा तथा विभिन्न लोगों से हुई लूट से संबंधित सामान बेचकर जुटाई गई 7,500 रुपये की नकदी बरामद की है। उन्होंने बताया कि बदमाश मक्कू के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न थानों में लूटपाट, चोरी, अवैध हथियार रखने सहित 34 मामले दर्ज हैं। मेरठ जिले के सिविल लाइन का निवासी मक्कू अलग अलग नामों से अपराध को अंजाम देता था।

## गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रोजा न रखकर गुनाह किया: मौलाना

बरेली। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रमजान में रोजा नहीं रखकर गुनाह किया है। शरीयत की नजर में शमी मुजरिम हैं और उनको ऐसा नहीं करना चाहिए था। मौलाना शहाबुद्दीन ने एक वीडियो में कहा कि मंगलवार को शमी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के दौरान मैदान में एनर्जी ड्रिंक पीते नजर आए। रजवी ने शमी को सलाह दी कि वह शरीयत के नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि शरीयत के नियमों का पालन करना सभी मुसलमानों की जिम्मेदारी है और इस्लाम में रोजा रखना फर्ज है। अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर रोजा नहीं रखता तो वह इस्लामिक कानून के अनुसार गुनाहगार माना जाता है। उन्होंने कहा कि क्रिकेट खेलना बुरा नहीं है लेकिन धार्मिक जिम्मेदारियों को भी निभाना चाहिए। रजवी ने कहा कि मैं हिदायत देता हूं कि शमी शरीयत के नियमों का पालन करें और अपने धर्म के प्रति जिम्मेदार बनें। क्रिकेटर मोहम्मद शमी इन दिनों दुबई में हैं और वह टीम इंडिया की ओर से चैंपियन ट्रॉफी खेल रहे हैं।

## राबेन्द्र सिंह जनसत्ता दल के बने ब्लाक अध्यक्ष

प्रतापगढ़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष रामअचल वर्मा ने पार्टी के कार्यकर्ता राबेन्द्र सिंह उर्फ पिंटू सिंह को पार्टी की सांगीपुर ब्लाक इकाई का ब्लाक अध्यक्ष चयनित किया है। उदयपुर क्षेत्र के रवानीपुर निवासी राबेन्द्र राजा भइया के खांटी समर्थक माने जाते हैं। राबेन्द्र के पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष बनाए जाने की जानकारी गुरूवार को कार्यकताओं को हुई तो उनमें खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पार्टी के प्रधान महासचिव शिवेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, जिला सचिव श्रवण कुमार सिंह, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख सूर्यभान सिंह, डॉ. वीरेन्द्र सिंह, गम्मज तिवारी, जितेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, अनिल सिंह, सुशील सिंह आदि ने शिबेन्द्र के ब्लाक अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया व प्रदेश अध्यक्ष विधायक विनोद सरोज एवं एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपालजी के प्रति आभार जताया है। वहीं नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष राबेन्द्र ने राजा भइया के नेतृत्व में संगठन की मजबूती का कार्यकताओं को भरोसा दिलाया।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने भरे नमूने, दिया कार्रवाई के निर्देश



बलरामपुर। होली पर्व पर आम जनमानस को सुरक्षित एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेशानुसार तथा जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य खास सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में गठित खाद्य टीम द्वारा फतवा बाजार थाना ललिया से पापड़ का नमूना तथा शिवपुर बाजार से मिठाई की दुकान से खोया का नमूना तथा बरदौलिया बाजार से नमकीन का नमूना लिया गया। इसके बाद टीम द्वारा मणिपुर बाजार में स्थित एक डेयरी स्थल से खोया एवं पनीर का नमूना लिया गया तथा मिष्ठान प्रतिष्ठान में संग्रहित 30 किलो पनीर तथा 35 किलो खोया जो कि खाने योग्य नहीं प्रतीत हो रहा था उसको नष्ट कराया गया लिए गए सभी खाद्य पदार्थ को जांच हेतु प्रयोगशाला को भेजा गया।

## विधायक को वकीलों ने सौंपा ज्ञापन



प्रतापगढ़। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम समेत विभिन्न मांगों को लेकर गुरूवार को यहां आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व तहसील अध्यक्ष वैभव पाण्डेय के संयुक्त नेतृत्व में बाबागंज विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज को ज्ञापन सौंपा। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया को संबोधित ज्ञापन में अधिवक्ताओं की सुरक्षा तथा कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाए जाने में वकीलों ने समर्थन की गुहार की। एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने विधायक विनोद सरोज को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने एडवोकेटस एक्ट के मसौदे पर सभी अधिवक्ता संगठनों की राय प्राप्त कर ली है। उन्होने कहा कि इसके बावजूद प्रदेश सरकार एडवोकेटस एक्ट को अभी तक अमल में नही ले आ सकी है। ज्ञापन में अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर सभी तहसील एवं जिला अदालतों में सीसी टीवी कैमरों को लगवाए जाने तथा वकीलों पर जानलेवा हमले से जुड़े मुकदमों की सुनवाई के लिए विशेष फास्टटैज्क कोर्ट के गठन की भी मांग रखी है। बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने वकीलों को भरोसा दिलाया कि वह उनकी मांगों को राजा भइया के समक्ष रखेंगे तथा उनकी इस मुहिम को समर्थन भी दिया जाएगा। इस मौके पर एसोशिएसन के प्रवक्ता विकास मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता सोमनाथ मिश्र, पुष्पेष पाण्डेय, आनन्द पाण्डेय, प्रदीप मिश्र, विनय शुक्ल, दिनेश सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

## डीएम ने चुउटेश्वर नाथ शिव मंदिर पर निर्माणाधीन अमृत सरोवर का किया निरीक्षण



बांसी सिद्धार्थनगर। / जिलाधिकारी ने निर्मला दिन अमृतसरोवर का निरीक्षण किया, गत गुरुवार को जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 ने जिले के बांसी तहसील क्षेत्र के तेलौरा चुउटेश्वर नाथ शिव मन्दिर पर निमार्णाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा नक्शा एवं स्टीमेट का मिलान किया गया। स्टीमेट के अनुसार काम अवशेष था जिसे समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया।

## मदिरा की दुकानों का ई-लॉटरी सकुशल संपन्न



बलरामपुर। जनपद में 146 देशी मदिरा की दुकान, 02 मॉडल शॉप, 55 कंपोजिट दुकान, 06 भांग की दुकान, कुल 206 दुकानों का ई-लॉटरी कलेक्ट्रेट सभागार में शासन से नामित नोडल अधिकारी / पर्यवेक्षक सचिव पीडब्ल्यूडी प्रकाश बिंदु, डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के पर्यवेक्षण में आवेदकों के समक्ष सकुशल संपन्न हुई। इस दौरान सभी आवेदकों को आबकारी नीति एवं रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं सभी आवेदकों के समक्ष रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया सकुशल पूर्ण की गई। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहा, पुलिस बल मुस्तैद रहीं।

## पात्रों को मिले योजनाओं का लाभ : विधायक

### मनरेगा श्रम बजट 38 करोड़ 66लाख 26 हजार सर्वसम्मति से स्वीकृत



बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के खेसरहा ब्लॉक सभागार में बृहस्पतिवार को प्रमुख पुष्पा देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान की बैठक हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 38 करोड़ 66 लाख 26 हजार रूपए का मनरेगा श्रम बजट सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बांसी जय प्रताप सिंह ने कहा कि विकास कार्यों के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार पूरी तरह से कटिबद्ध है। कहा कि सरकार हर पात्र व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नीति आयोग द्वारा खेसरहा को आकांक्षी ब्लॉक की श्रेणी में चयनित किया गया है, इसके लिए सरकार की मंशा है कि कार्य योजनाओं बना कर युद्ध स्तर पर विकास हो सके।

बीडीओ अमित सिंह ने कहा कि पिछले सत्र 24-25 में ग्यारह लाख पचपन हजार सृजित मानव दिवस कार्य हुआ है। जिसमें 56.67 प्रतिशत महिलाओं ने भाग लिया। वहीं अकोल्ही गांव में समुदायिक बकरी शेड, कलनाखोर में पार्क निर्माण, मिनी स्टेडियम व एमडीएम शेड का कार्य तेजी से चल रहा है। इस दौरान शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, कृषि, जल निगम विभाग के लोगों ने अपनी उपलब्धियों को बताया। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि केशभान राय, स्वास्थ्य अधीक्षक सुजीत कुमार पाण्डेय, कार्यक्रम संचालक विजय मिश्रा, गनेश राय, राजू पांडेय, तुफैल अहमद, अंकित पांडेय, जगदीश प्रसाद, राम कुमार गुप्ता, बबलू मिश्रा, रुपनरायन यादव, मो इदरीश, राम कुमार गुप्ता, लखपत लोधी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने राजकीय इन्टर कॉलेज पचमोहनी और अन्य कार्यों का किया निरीक्षण



बांसी सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 ने जिले के मिठवल ब्लाक क्षेत्र के राजकीय इन्टर कालेज पंचमोहनी, व शौचालय, अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, प्रयोगशाला एवं मल्टीपर्पज हाल का जिलाधिकारी निरीक्षण किया गया। दौरान दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने नक्शा एवं स्टीमेट का मिलान किया गया। बीम को नपवाकर देखा गया जो सही पाया गया। जिलाधिकारी ने समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

## शंकर पार्वती छाप बीड़ी बेचने के खिलाफ याचिका खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शंकर पार्वती छाप बीड़ी की ब्रांडिंग को चुनौती देने वाली याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि याचिकाकर्ता जनहित याचिका के बजाय उचित माध्यमों से कानूनी सहायता प्राप्त करे। मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की पीठ ने याचिकाकर्ता आदर्श कुमार की याचिका बुधवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि धार्मिक भावनाओं की रक्षा करने की आड़ में इस जनहित याचिका पर विचार करने का कोई वैध कारण नहीं है। जनहित याचिका के जरिए तंबाकू निर्माता को एक धार्मिक प्रतीक के साथ शंकर पार्वती छाप नाम से बीड़ी की बिक्री रोकने के लिए न्यायिक हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ता ने अदालत में दलील दी थी कि देवी-देवताओं के नाम पर बीड़ी की बिक्री से उसकी धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं।

# मंदिर शिलान्यास समारोह संपन्न

- मंदिर केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि समाज कल्याण का केंद्र भी होता है: राधा मोहन दास
- अग्रवाल समाज संकल्प शक्ति के बल पर कर रहा एक भव्य मंदिर का निर्माण : राष्ट्रीय महामंत्री भाजपा



मेरठ। गुरुवार को मेरठ के शताब्दी नगर में अग्रसेन सेवा ट्रस्ट द्वारा भव्य मंदिर शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष ज्ञानेन्दर अग्रवाल ने की, मंच संचालन महामंत्री गिरीश बंसल ने किया, स्वागत अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता ने सभी का स्वागत किया। मुख्य यजमान अरुण अग्रवाल चिल्ड्रन चाइस प्रकाशन ने अपनी पत्नी के साथ पूजन किया। इस पवित्र अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद राधामोहन दास ने प्रातः 8 बजे मंदिर के उद्घाटन के साथ इस दिव्य कार्य का शुभारंभ किया। इसके पश्चात विधिवत शिलान्यास संपन्न हुआ, जिसमें समाज के गणमान्य व्यक्तियों, धार्मिक नेताओं और हजारो सनातनी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक अवसर पर राधामोहन दास ने अग्रवाल समाज को इस धार्मिक और सामाजिक कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज बिना किसी सरकारी सहायता के अपने संसाधनों और संकल्प शक्ति के बल पर एक भव्य मंदिर का निर्माण कर रहा है, जो सेवा और आस्था का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मंदिर केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि समाज कल्याण का केंद्र भी होता है। इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए अग्रसेन सेवा ट्रस्ट द्वारा मंदिर के साथ-साथ एक आधुनिक अस्पताल के निर्माण की भी योजना बनाई गई है, जिससे जरूरतमंदों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने इस पुनीत कार्य को समाज सेवा, श्रद्धा और सामाजिक उत्थान का अद्भुत संगम बताया। इस भव्य समारोह में कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विशाल एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित इस फिल्म में मंदिर की भव्यता, निर्माण प्रक्रिया और उसकी विशेषताओं को सुंदरता से दशार्या गया। प्रस्तुति के पश्चात, सभी गणमान्य व्यक्तियों और समाज के लोगों ने अग्रसेन सेवा ट्रस्ट के सदस्यों के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के संयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने मंच से मेरठ का नाम बदलकर ह्यअग्रसेन नगर करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि मेरठ का व्यापारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक योगदान अग्रवाल समाज से गहराई से जुड़ा हुआ है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सुधांशु मित्तल दिल्ली, सांसद अतुल गर्ग सह सयोजक जय प्रकाश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल उपस्थित ट्रस्टी सयोजक विनीत अग्रवाल शारदा, अध्यक्ष ज्ञानेंद्र अग्रवाल, महामंत्री गिरीश बंसल, स्वागत अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, ट्रस्टी अमित अग्रवाल कैंट विधायकआदि लोग उपस्थित रहे।

## डीएम ने डिढई-बेलौहा सड़क मार्ग के चौड़ीकरण का किया निरीक्षण



सिद्धार्थनगर। डिड़ई बेलौहा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सड़क को खोदवाकर देखा गया। स्टीमेट एवं एम.बी.0 का मिलान किया गया। सड़क की पटरी नही बनी थी जिसके सम्बन्ध विवरण सुदा जानकारी हासिल किया बाद उसके सम्बंधित को जिलाधिकारी ने पटरी बनवाने का निर्देश दिया गया।

## एसपी ने सुनी आमजनों की फरियाद



सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन पुलिस कार्यालय मे जनसुनवाई किया गया। जिसमें कुल 06 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें 02 भूमि विवाद, व 01 मारपीट तथा शेष 03 अन्य मामले से सम्बधित रहे, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन ने सम्बंधित को उक्त प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया, उन्होंने कहा शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये जिससे फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराया जा है।

## हत्या के दोषी तीन व्यक्तियों को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

महाराजगंज। स्थानीय अदालत ने नौ साल पूर्व पुरानी दुश्मनी के चलते एक व्यक्ति की हत्या करने के मामले में दोषी करार दिए गए तीन व्यक्तियों को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश रमाकांत प्रसाद ने बुधवार को अयेशा (21), अशोक (23) और राजेश (20) को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आवाज है पत्रकारिता : विनोद सरोज

- कुंडा ब्लाक सभागार में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ तहसील इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक हुआ शपथ ग्रहण



प्रतापगढ़। स्थानीय ब्लाक सभागार में गुरूवार को भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ कुण्डा तहसील इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समारोहपूर्वक शपथ ग्रहण हुआ। बाबागंज विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सरोज ने बतौर मुख्य अतिथि अतिथियों के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक विनोद सरोज ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रूपेन्द्र शुक्ला व महामंत्री अरशद खान के साथ उपाध्यक्ष रवि मोदनवाल, शाश्वत शुक्ला, महेश धुरिया, संगठन मंत्री अरविंद जायसवाल, कोषाध्यक्ष प्रवीण मिश्र, मीडिया प्रभारी आशीष पाण्डेय, संयुक्त मंत्री अजमत अली व जिला प्रतिनिधि बबलू सरोज तथा संरक्षक पन्नालाल गुप्ता व अजय यादव तथा सुरेश पाण्डेय एवं अनुशासन प्रकोष्ठ के रवीन्द्र दुबे व रामभरोसे मिश्र को पद एवं उत्तरदायित्वों के प्रति निष्ठा का प्रतिज्ञान कराया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक विनोद सरोज ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए सच का संघर्ष ही पत्रकारिता है। उन्होनें कहा कि लेखन व पत्रकारिता को जनापेक्षी मुददो पर सदैव केन्द्रित रखना चाहिए। विधायक विनोद ने स्वयं तथा पूर्व मंत्री राजा भइया व एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह की ओर से पत्रकारों के मान सम्मान व सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्धता जतायी। विशिष्ट अतिथि कुण्डा ब्लाक प्रमुख संतोष सिंह ने पत्रकारिता के आदर्शो पर प्रकाश डाला। कुण्डा चेयरपर्सन के प्रतिनिधि शिवकुमार तिवारी व पूर्व प्रमुख एवं जिपंस बबलू सिंह तथा मानिकपुर टाउन एरिया चेयरपर्सन प्रतिनिधि शिव प्रसाद जायसवाल ने विशिष्ट वक्ता के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक एवं राष्ट्रीय वातावरण की मजबूती में पत्रकारों से निरपेक्ष भूमिका का आहवान किया।

मुख्य वक्ता महासंघ के पत्रकार उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में मीडिया की रचनात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया ने स्वागत भाषण में महासंघ के द्वारा सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यो की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवनेश उपाध्याय व संचालन वरिष्ठ पत्रकार अजय पाण्डेय ने किया। समारोह में विधायक विनोद सरोज ने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा भइया की ओर से लालगंज तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र, पत्रकार सुरेन्द्र तिवारी सागर, सुनील सिंह, मुकेश तिवारी, शिवाकांत मिश्र, दिनेश सिंह, आईपी मिश्र, राजेश पाठक, संतोष सिंह आदि को अंगवस्त्रम तथा सम्मान पत्र से पत्रकारिता उन्नयन 2025 का सारस्वत सम्मान प्रदान किया। समारोह को सतीश मिश्र, प्रदीप सिंह, सत्येन्द्र सिंह, संदीप त्रिपाठी, रणजीत सिंह, विकास मिश्र, विनोद मिश्र, राकेश मिश्र, राजेश प्रभाकर आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर सोमनाथ मिश्र, वैभव पाण्डेय, कुंवर मुन्नू सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## शहर कोतवाल बने यशवंत सिंह

इटावा। एसएसपी संजय कुमार ने थाना सिविल लाइन में तैनात इंस्पेक्टर यशवंत सिंह को सदर कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी वहीं कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह को थाना सिविल लाइन का प्रभारी बनाया साथ ही कई थानाध्यक्षों के तबादले हुए। यशवंत सिंह थाना सिविल लाइन क्षेत्र विगत सालों से जिम्मेदारी का निर्वाहन कर रहे थे।

## युवक का शव मिला

इकदिल, इटावा। दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रेक पर गुरुवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे खंबा गांव सुन्दरपुर के पास 35 वर्षिय युवक का शव पड़ा मिलने से अफरा तफरी मंच गई। अनुमान है कि ट्रेन से यात्रा करने के दौरान गिरने से युवक की मौत हुई है। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे एसआई राजवीर सिंह ने शव को कब्जे में लिया मृतक युवक मटीले कलर की जैकिट ,और लाल चैकदार शर्ट के साथ नीला जिन्स पेंट पहनें हुए हैं। इस दौरान आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन देर शाम तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

## हादसों में चार की मौत

इटावा। जनपद में हुए अलग अलग सड़क हादसों में अज्ञात सहित चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ब्रहमानंद पुत्र शंभूदयाल उम्र 55 निवासी भैसई थाना वैदपुरा व मातादीन पुत्र नाथूराम उम्र 62 साल निवासी बेगमपुर थाना करां जिला मैनपुरी व रीतेश पुत्र वेदप्रकाश जाटव नगला कुआ थाना जसवंतनगर सहित चार लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

## सभी धर्मों का देश है भारत, सोच समझकर बोलें: अजय राय

इटावा। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इटावा में सपा नेता अबू आजमी के औरंगजेब वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह देश सभी धर्मों का है। इसमें राम, रहीम और गुरु नानक देव सभी का सम्मान है। ऐसे में सभी को सोच-समझकर बोलना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पलटवार करते हुए राय ने कहा कि सबसे ज्यादा तोड़-फोड़ की राजनीति योगी जी कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा में दिए गए योगी के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि यह साबित करता है कि वह लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं। महाकुंभ को लेकर भी अजय राय ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दावा किया जा रहा है कि 66 करोड़ लोग कुंभ में आए। लेकिन जो खुद को हिंदू धर्म के सबसे बड़े ठेकेदार बताते हैं, वो आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कुंभ में स्नान और अमृत पान के लिए क्यों नहीं आए। यह सवाल पूरे देश और प्रदेश की जनता पूछ रही है।

## सूचना

सूचित करना है कि मेरा हाईस्कूल अंक सह प्रमाण पत्र वर्ष 2015 अनु. 1779350 व इंटरमीडिएट अंक सह प्रमाणपत्र वर्ष 2017 अनु. 1296875 एवं आईटीआई अंकपत्र वर्ष 2019 अनु. 00190809158495 वास्तव मे कही खो गया है। विनय कुमार पुत्र शंकर दयाल मिश्रा नि. पूरे मौजी का पुरवा मजरे सुलतानपुर-अमेठी

## सूचना

सूचित हो कि मैंने अपनी पुत्री का नाम आदया त्रिपाठी (AADYA TRIPATHI) से बदलकर सानवी त्रिपाठी (SANVI TRIPATHI) रख लिया है। उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाएगा। मेरी पुत्री के शैक्षिक अभिलेखों में भी उसका नाम सानवी त्रिपाठी (SANVI TRIPATHI) दर्ज किया जाए। **मनीष कुमार त्रिपाठी पुत्र सुरेश चंद्र त्रिपाठी नि.-614/84-ए, प्रीति नगर, डुडौली, सीतापुर रोड, जनपद लखनऊ।**

## सूचना

मेरे आधार कार्ड, शैक्षिक अभिलेखों सहित अन्य सभी अभिलेखों में मेरा नाम नौसीन फातमा NAUSEEN FATMA है। जबकि पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटि वश NAVSHEEN नवशीन अंकित हो गया है। अतः मेरे पासपोर्ट में सही नाम NAUSEEN FATMA नौसीन फातमा अंकित किया जाना आवश्यक व न्यायसंगत है। नौसीन फातमा NAUSEEN FATMA। पुत्री-मोहम्मद जौवाद खान निवासिनी-सेमरी रोड, ग्राम व पो.-कूरेभार, जनपद-सुल्तानपुर(उ.प्र.) पिन कोड-228151

# जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने जन समस्याएं सुनीं



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन में करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनी। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। बातचीत के दौरान, एक महिला ने अपने परिवार के एक सदस्य के इलाज के लिए वित्तीय सहायता मांगी जिस पर मुख्यमंत्री ने उसे इलाज का अनुमानित खर्च का ब्यौरा लाने को कहा और आश्वासन दिया कि सरकार उनका आवश्यक सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री ने फरियादियों से आवेदन लेकर उन्हें अधिकारियों को दिया और साथ ही अधिकारियों को अनुमान प्रक्रिया तेजी से पूरी कर उसे समय पर सरकार के पास भेजने को कहा। जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता की शिकायतों का निस्तारण उनकी शीर्ष प्राथमिकता है और उन्होंने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने को कहा।

## सीएम ने रोहिन नदी में बन रहे पंपिंग स्टेशन का निरीक्षण

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम सिउरिया में 5719.57 लाख की लागत से 4941 हेक्टयर में रोहिन नदी पर बनने वाले पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण करके कायो की जानकारी प्राप्त करते हुये त्वरित गति से कार्य को आगे बढाने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्य समय से हो और नियमित रूप उसका संचालन हो जिससे यहा पर वाटर लागिंग की समस्या का निदान होगा। उन्होंने बाध पर पिचिंग का कार्य कराने का निर्देश भी सम्बंधित अधिकारियों का दिया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थलों पर बोल्डर पिचिंग भी कराया जाये। इसके उपरान्त उन्होंने कटनिया नाले का निरीक्षण करते हुये प्लाटून पुल बनाने का निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिया। इस अवसर पर विभिन्न जन प्रतितिनिधि गण एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने आईटीआई कालेज का किया निरीक्षण

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जंगल कौडिया के ग्राम काजीपुर में स्थित स्व0 रामपति यादव आई.टी.आई का निरीक्षण करके छात्र/छात्राओं के प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त किया तथा उनसे संवाद करके उनको आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा कि आईटीआई में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के साथ कैंपस प्लेसमेंट, कैरियर काउंसिलिंग और वर्क एक्सपोजर दिया जाये। उन्होंने कहा किं आईटीआई में विदेशी भाषाओं से संबंधित कोर्सेज का संचालन भी किया जाए, जिससे विदेशों में नौकरी के लिए जाने वाले छात्रों को किसी प्रकार की भाषाई असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि स्थानीय आवश्यकता के अनुसार छात्रों को दक्ष किया जाये। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग पूरी करने के बाद विद्यार्थियों की आय का मार्ग प्रशस्त हो, इसके लिए भविष्य की जरूरतों पर आधारित कोर्सेज का संचालन किया जाए। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री जी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें सफलता का मूलमंत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर ध्यान दें क्योंकि डिटेलिंग से ही बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान किया जा सकता है। स्वयं के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने की सीख देते हुए उन्होंने ने विद्यार्थियों को आत्म अनुशासन के पालन करने को कहा। उन्होंने ट्रेनिंग के दौरान सभी जरूरी प्रक्रियाओं का पालन करने तथा भविष्य की योजनाओं को लेकर कार्य करने का सही फ्रेमवर्क निर्धारित करने का मूलमंत्र भी दिया। इस अवसर पर विभिन्न जन प्रतितिनिधि गण एवं अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ समाजसेवी रेवती रमण दास अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वरिष्ठ समाजसेवी रेवती रमण दास अग्रवाल के आवास (पुरुषोत्तम निवास, आर्यनगर) जाकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं शोकाकुल परिजनों को ढाढस भी बंधाया। उल्लेखलीय है कि वरिष्ठ समाजसेवी रेवती रमण दास अग्रवाल का विगत दिनों निधन हो गया था वे महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद समेत कई अन्य शिक्षण संस्थाओं के वरिष्ठ सदस्य व आर्यनगर श्रीरामलीला समिति आर्यनगर के अध्यक्ष भी रहे हैं। वे पूर्व पार्षद व सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन समेत कई दायित्वों का भी निर्वहन कर चुके हैं। इस दौरान स्व0 दास की पत्नी विमला दास, पुत्र कीर्ति रमण दास, ज्योति रमण दास, परिवार के श्रीरमण दास, इंद्ररमण दास, कार्तिकेय रमण दास, रत्नेश रमण दास, वरिष्ठ व्यापारी नेता पुष्पदंत जैन, पार्षद गौरव तिवारी, पूर्व पार्षद जितेंद्र सैनी, संजय अग्रवाल आदि भी मौजूद रहे।

## पूर्व ब्लॉक के घर पहुंचे मुख्यमंत्री, उनके पुत्र के निधन पर दी श्रद्धांजलि



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जंगल कौड़िया के पूर्व ब्लाक प्रमुख स्व0 रामपति यादव के आवास ग्राम बुढ़ियाबारी में जाकर उनके पुत्र उमेश कुमार यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं शोकाकुल परिजनों को ढाढस भी बंधाया। उल्लेखलीय है कि जंगल कौड़िया ब्लॉक के बुढ़ियाबारी गांव के प्रधान उमेश यादव (60) का 25 फरवरी 2025 को निधन हो गया था। इस दौरान स्व0 यादव की पत्नी भारती यादव, पुत्र कृष्णा यादव समेत परिवार के बलबीर यादव, अजीत यादव, सुशील यादव, सुजीत यादव, यादवेंद्र यादव, पंकज यादव आदि मौजूद रहे।

## युवा उद्यमी योजना से आत्मनिर्भर बन रहा प्रदेश का युवा : राकेश सचान

गोरखपुर। बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह में युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ सहभागिता करने वाले सुक्ष्म, लघु एव मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के मंशा के अनुरूप उ0प्र0 के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए एक ऐसी योजना बनाया गया है, जिसमें लाखों लोंगो को रोजगार दिया जा सके। यू0पी0 दिवस के अवसर देश के महामहिम उपराष्ट्रपति जी के हाथों शुभारम्भ किए गए इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत नौजवानों, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, अपने पैरों पर खड़े होने के लिए, बिना ब्याज, बिना गारन्टी के 5 लाख रुपए तक की ऋण योजना, जो आज पूरे प्रदेश में चल रही है। जिसकी हर मण्डल के तहत आज गोरखपुर व बस्ती मण्डल के लोगों को दिया। पूरे प्रदेश में एक महीने के अन्दर एक लाख दस हजार से ज्यादा फार्म हमारे पोर्टल पर आये है जिसमें 96 हजार फार्म विभाग के द्वारा बैंको को अग्रसारित कर दिया गया है।

## रत्नत्रय विधान के साथ नवीन वेदिका का शिलान्यास

जसवंतनगर, इटावा। नगर के पाश्र्व नाथ दिगंबर जैन मंदिर मे नव निर्वाण हो रही वेदी का शिलान्यास आज गुरुवार को सम्पन्न हुआ ब्रमचारी नन्ने भईया ने वेदी शुद्धि आदि कार्यक्रम सम्पन्न कराये सर्वप्रथम अभिषेक शांतिधारा के पश्चात मंगल कलश स्थापना के साथ रत्नत्रय विधान संगीतमय सम्पन्न हुआ क्योंकि आज अष्टम तीर्थंकर चंद्र प्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस था तो इस उपलक्ष मे निर्माण लाडू भी चढ़ाया गया,शिलान्यास कार्यकम मे दीप प्रज्ज्वलन, ध्वजारोहण, चित्र अनावरण के साथ विधि-विधानपूर्वक स्वर्ण, रजत, ताम्र एवं अन्य शिलाएं स्थापित की गयी , प्रत्येक जन ने अपनी एक ईट रख वेदी निर्वाण मे सहयोग कर अपने आप को सौभाग्यसाली समझा

इस दौरान नन्ने भईया ने बताया की कई वर्षो मे बेदी का निर्वाण होता है सालो -सालो तक उस वेदिका मे तीर्थकर भगवान का बिम्ब रख पूजा अर्जना होती है. अतःऐसे माँगलिक कार्यक्रम मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपने पापो को तजते हुए अपना मोक्ष मार्ग प्रसस्त करना चहिये, कार्यक्रम विधवत सम्पन्न कराने मे नन्ने भईया के साथ नगर के विद्वान रहे अनाकुल जैन का सहयोग सराहनीय रहा, आपको बता दे की जनवरी 2024 मे आचार्य श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज के सानिध्य मे सम्पन्न हुए पंच कल्याणक मे नवीन बेदी के लिए आदिनाथ भगवान बासुपूज्य भगवान पाश्र्व नाथ भगवान की प्रतिष्ठा की गयी थी, अब नवीन वेदी बनने के उपरांत भगवान को विधवत स्थापित किया जाएगा।

## साइबर अपराध के प्रति सतर्कता आवश्यकःडॉ. पूर्णेश नारायण

चौरीचौरा, गोरखपुर। साइबर अपराध आज के दौर की सबसे बड़ी समस्या है ।हमें अपनी स्वयं की सुरक्षा हेतु ऐसे अपराधों के प्रति अतिरिक्त सतर्कता रखनी आवश्यक है ।इसके अतिरिक्त हमको अपने माता-पिता से कभी भी कोई बात छुपानी नही चाहिए,तब भी जब हमसे कोई बड़ी भूल हो गई हो ।उक्त बातें सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के राष्ट्रीय सेवायोजना के पूर्व समन्वयक व हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बी.एड.विभाग के अध्यक्ष डॉ. पूर्णेश नारायण सिंह ने कहीं ।वो स्थानीय शहीद बंधू सिंह डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवायोजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे ।विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता तथा राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमों और उपयोगिता को समझाते हुए इसे अपने अहं और विशिष्टता बोध के त्याग का अवसर बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यू.पी.सिंह ने अतिथियों का स्वागत उत्तरीय,पुष्पगुच्छ एवं पुस्तक भेंटकर किया ।इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया ।रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार ने इस शिविर के दौरान किये जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा की चौरी चौरा के आमकोल गांव में लगने वाले इस शिविर में हफ्ते भर जागरूकता और शैक्षिक कार्यक्रम चलाए जाएंगे। कार्यक्रम में बच्चों सहित विद्यालय परिवार के तमाम लोग उपस्थित रहे।

## सरकारी कर्मचारी का शव मिला

### शरीर पर गंभीर चोटों के निशान



इटावा। पांच दिन से लापता सरकारी कर्मचारी का शव बुधवार को रेलवे के खंडहर भवन में मिला। शव अर्धनग्न था। कपड़े अस्त-व्यस्त थे। शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले। बेटी ने पति और ससुर पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा मौके पर पहुंचे। सीओ सिटी रामगोपाल शर्मा और फोरेंसिक टीम भी आ गई। आसपास के लोगों और परिजनों से बात की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रामकिशन 1 मार्च की रात करीब 8 बजे बिना कुछ बताए घर से निकले थे। परिवार ने देर रात तक उन्हें खोजा, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मोबाइल लोकेशन के आधार पर प्रयागराज में तलाश अगले दिन परिवार ने फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर प्रयागराज में तलाश की, लेकिन वहां से कोई सुराग नहीं मिला।

बुधवार शाम करीब 5 बजे एक व्यक्ति ने रेलवे बगिया स्थित निमार्णाधीन मकान में शव देखा और पुलिस को सूचना दी। बेटी का ससुराल से चल रहा था विवाद बेटी शिवा राठौर ने बताया, उसकी शादी 1 मार्च 2017 को मैनपुरी में करहल के रहने वाले अभिषेक पुत्र राजेश राठौर के साथ हुई थी। शादी के कुछ महीने बाद ही शिवा राठौर और उसके पति अभिषेक राठौर के बीच दूरियां बढ़ गईं और दोनों लोग अलग हो गए। शिवा ने दहेज का मामला कोर्ट में दर्ज करवाया था और मामला मैनपुरी कोर्ट में चल रहा है। बेटी ने पति और ससुर पर लगाया हत्या का आरोप बेटी शिवा ने पति अभिषेक, ससुर राजेश राठौर और करण राठौर पर हत्या का आरोप लगाया है। उसने बताया कि 2 मार्च को गुमशुदगी दर्ज करने के बाद वह 3 तारीख को अपनी ससुराल करहल पिता को ढूंढते हुए पहुंच गई, लेकिन ससुराल के लोगों ने उसे वहां से मार-पीटकर भगा दिया। इसकी भी शिकायत उसने नजदीकी के थाने में की, लेकिन थाने में कोई भी सुनवाई नहीं हुई। सीओ सदर रामगोपाल शर्मा ने बताया, जिन लोगों के ऊपर बेटी शिवा राठौर ने पिता की हत्या का आरोप लगाया है, उनसे पूछताछ होगी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या का पता चल पाएगा। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि 2 तारीख को ही गुमशुदगी दर्ज कर ली गई थी।

## चुनौतियों से निपटने के लिए वैज्ञानिक करेंगे विमर्श

- डिग्री कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज व कल
- सीएसजेएम संगोष्ठी आफलाइन व ऑनलाइन होगी: प्राचार्य



इटावा। केकेपीजी कालेज में इनवायरमेंट स्ट्रेस सेनेरियो एवं इससे जुड़े महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी होने जा रही है। पर्यावरण का कृषि एवं जैव विविधता पर प्रभाव एवं उसकी रोकथाम के प्रयासों के बारे में देश भर के कृषि विज्ञानी अपनी राय प्रस्तुत करेंगे। यहां हुई चर्चा और प्रस्तुत शोध पत्रों को स्मारिका में प्रकाशित कर प्राप्त सुझावों को सरकार के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा। पत्रकारों से वार्ता करते हुए केके कालेज के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने बताया यह राष्ट्रीय संगोष्ठी सीएसजेएम विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा प्रायोजित है। आनलाइन व आफलाइन दोनों मोड में होगी।

उन्होंने कहा कि आवास विनाश और आक्रामक प्रजातियों द्वारा जैव विविधता की हानि में तेजी से वृद्धि हुई है, जो परागण, कीट नियंत्रण और पोषक चक्र जैसी पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को बाधित करती है जो कृषि स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं। दीर्घकालिक स्थिरता और समानता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में एकीकृत नीतियों और सहयोगी प्रयास महत्वपूर्ण हैं। यह सेमिनार प्रतिभागियों को इन प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से वर्तमान विकास, चुनौतियों और अभिनव समाधान पर चर्चा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। उपरोक्त सभी के अलावा, सेमिनार का उद्देश्य प्रतिभागियों को विशेषज्ञों, शोधकताओं और नीति निमार्ताओं से जुड़ने के लिए मूल्यवान नेटवर्किंग अवसर प्रदान करना है। 7 मार्च और 8 मार्च हो होने वाली संगोष्ठी में पर्यावरणीय समस्याएं एवं उनका कृषि, जैव विविधता व ग्रामीण आजीविका पर प्रभाव तथा चुनौतियों से निपटने की रणनीतियों पर विमर्श हेतु देश के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों से वैज्ञानिक, विशेषज्ञ, प्रोफेसर, शोधार्थी तथा विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे तथा उपरोक्त विषय पर अपने शोध पत्र, नई तकनीकों, नवाचारी समाधानों आदि पर विचार विमर्श करेंगे। प्रेस वार्ता में में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार वर्मा, मंत्री ओमकार नाथ वर्मा, सेमिनार के संयोजक प्रो राजवीर सिंह, सह संयोजक डा सुशील कुमार, सह संयोजक अनिल कुमार, आयोजन सचिव प्रो रमाशंकर यादव, डा ओम कुमारी, डा मनोज गुप्ता सहित कई वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे।

## पुलिस ने अभियुक्तों के घर की कुर्की

बकेवर, इटावा। न्यायालय से फरार चल रहे दो अभियुक्तो के घर कुर्की कर पुलिस ने सामान गांव के ही दो व्यक्तियो के सुपुर्द कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम खितौरा निवासी शिवा पुत्र मदन सिंह पर 2019 में बलात्कार गाली-गलौज मारपीट पॉस्को एक्ट व हरिजन एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिससे वह जेल भी गया हुआ था लेकिन जमानत मिलने के बाद कुछ पेशी पर ही न्यायालय मे हाजिर हुआ उसके बाद उसने पेशी पर जाना बंद कर दिया न्यायालय के कई बार सम्मन भेजने पर भी हाजिर नही हुआ। न्यायालय ने उसके घर के कुर्की का आदेश दिया मंगलवार को उपनिरीक्षक विनीत पाण्डेय पुलिस फोर्स के साथ शिवा सिंह के घर पहुँचे और सामान कुर्क किया कुर्क किया गया सामान को गांव के ही पूर्व प्रधान गिरवर सिंह सुपुर्द कर दिया।

## कार, बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, तीन घायल



इकदिल, इटावा। थाना क्षेत्र के इटावा कन्नौज मार्ग पर अनियंत्रित कार की बाइक में जोर भिंडन्त हो गई। कार व बाइक सवार चारों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए जिसमें एक की मौत हो गई। गुरुवार शाम करीब पांच बजे इटावा कन्नौज मार्ग पर मुगलपुर नरैनी के सामने तेज रफ़्तार अनियंत्रित कार इटावा की ओर से जा रही थी। तभी उपरोक्त स्थान पर भरथना की ओर से आ रही बाइक में भिड़ गई। इस सड़क हादसे में कार ने बाइक घसीटने के बाद सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। जिससे कार सवार दोनों युवक सतेंद्र उर्फ लालू (35) पुत्र गेंदालाल निवासी अड्डा श्यामलाल थाना फ्रेंड्स कालोनी व उसका साथी कुलदीप (25) पुत्र धनीराम निवासी उमरैन एरवाकटरा औरैया घायल हो गए। इसी के साथ बाइक पर अरजेश पुत्र राम आसरे व उसका साथी दीपू भदौरिया निवासी समायन एरवाकटरा औरैया गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुची पुलिस ने घायल अवस्था में पड़े चारों लोगों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरी परीक्षण के बाद दीपू भदौरिया को मृत घोषित कर दिया गया और कार सवार लालू व कुलदीप को गंभीर हालत में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया गया।

## एमपी पुलिस के बर्खास्त सिपाही ने की आत्महत्या

इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। मध्य प्रदेश पुलिस से बर्खास्त 65 वर्षीय सिपाही ने आत्महत्या कर ली। कस्बा लखना के महेश्वरी मोहल्ले के रहने वाले रमेश सिंह चौहान ने बुधवार शाम करीब 7 बजे यह कदम उठाया। ग्राम बरौली के पास लखना-चकरनगर मार्ग पर उन्होंने पहले शराब का सेवन किया। इसके बाद जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना की सूचना मिलते ही लखना चैकी इंचार्ज मंजीत दयाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बकेवर थाने के प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी को सूचित किया। जांच में पता चला कि घटनास्थल लवेदी थाना क्षेत्र में आता है। लवेदी थानाध्यक्ष कपिल चैधरी ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जांच की। अभी तक आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

## बस कंडक्टर ने महिला को दिया धक्का, हुई घायल

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक महिला यात्री को बस से धक्का देकर गिराने का मामला सामने आया है। जिसमें आगरा जिले के थाना सिकन्दरा क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्रीपुरम लखनपुर की रहने वाली महिला सरोज देवी पत्नी हरिओम ने थाना जसवंतनगर में एक शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें ड्राइवर और कंडक्टर पर अभद्रता करने का भी आरोप लगाया है। जिसमें पीड़िता सरोज देवी ने बताया वह बुधवार की शाम 5 मार्च को आगरा से ताज डिपो की बस में सवार होकर मायके जाने के लिए बस में सफर कर रही थीं। जब वह लगभग बीती बुधवार की शाम 4.30 बजे अपने मायके के गाँव मलाजनी चैराहे के पास डूढहा मोड़ पर पहुंचीं और बस कंडक्टर को बस रोकने के लिए कहा तो उसने बस को स्लो किया तो में उतरने लगीं तभी बस के कंडक्टर ने जल्दबाजी में बस चलाने का इशारा ड्राइवर को किया में उतर भी नहीं पाई थी कि तभी ड्राइवर ने बस की स्पीड अचानक से बढ़ा दी और बस कंडक्टर ने मुझसे अभद्रता करते हुए धक्का दे दिया इससे में संतुलन खो बैठीं और राष्ट्रीय राजमार्ग पर गिरकर घायल हो गईं मेरा सिर फट गया माथे पर गिट्टी घुस गई। घटना के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ढाबा पर रहने वाले लोगों ने संभाला और पास के डॉक्टर के पास इलाज के लिए ले गए। सरोज देवी के सिर में गहरा घाव है अन्य शरीर पर भी चोटे आई है। पीड़िता सरोज देवी ने ताज डिपो की बस बस के ड्राइवर और कंडक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी है पीड़िता ने पुलिस से उचित कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। पुलिस महिला का डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद मामले की जांच कर रही है वहीं जब ताज डिपो के एआरएम राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी तक ऐसा मामला मेरे प्रकाश में नहीं आया है यदि मेरे पास इसकी शिकायत आती है तो संबंधित बस के ड्राइवर और कंडक्टर की सेवा समाप्त करने के बाद विभागीय कार्यवाही की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## नई आबकारी नीति के तहत ई लॉटरी का आयोजन



इटावा। विकास भवन प्रेरणा सभागार में नई आबकारी नीति के तहत ई-लॉटरी के माध्यम से आबकारी ठेकों का आवंटन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने की।

जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि जिले में कुल 3300 आवेदन प्राप्त हुए थे। ई-लॉटरी के माध्यम से 159 कंट्रीलेकर, 82 कम्पोजिट शॉप्स और 6 भांग की दुकानों का आवंटन किया गया। उन्होंने बताया कि तीनों श्रेणियों में रैंडम सिलेक्शन प्रक्रिया अपनाई गई। आवंटन सूची मौजूद आवेदकों को तुरंत उपलब्ध करा दी गई है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेशानुसार, सभी आवेदकों को बाद में अलग से पत्र भी दिए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि ई-लॉटरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई और किसी को कोई असुविधा नहीं हुई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस और मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव, सीओ सिटी रामगोपाल शर्मा और सीओ जसवंत नगर नागेंद्र चैबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र की मौत, चार घायल

आगरा। पिनाहट थाना क्षेत्र में अर्जुनपुरा गांव के पास आलू ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली और टेंपो के बीच टक्कर में पिता और पुत्र की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक यह हादसा बुधवार को उस समय हुआ जब एक व्यक्ति और उसका बेटा राजस्थान के मरैना गांव से तेरहवीं में शामिल होने के बाद लौट रहे थे। पिनाहट के थाना प्रभारी ब्रह्मपाल ने बताया कि हादसे में विष्णु (22) और उसके बेटे अंशु (एक वर्ष) की मौत हो गई। हादसे में घायल लोगों का उपचार किया जा रहा है। शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

## चौरीचौरा में हाई वोल्टेज तार से खतरा

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील मुख्यालय के पश्चिमी गेट, निवासी लगभग दर्जन भर से अधिक लोगों ने उपजिलाधिकारी चौरीचौरा रोहित मौर्य को विद्युत विभाग तथा ठेकेदारों की मनमानी के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया है। शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से लोगों ने बताया कि, बिजली विभाग 11000 केवी हाई वोल्टेज का नंगा तार उनके मकानों के बेहद करीब से ले जा रहा है ।जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग और ठेकेदार की मिलीभगत से यह काम जबरन किया जा रहा है। मकानों के पास हाई वोल्टेज तार जाने से जान-माल को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। यदि यह तार मकानों से सटाकर बिछाया गया, तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने इस मामले में एसडीओ (विद्युत), जिलाधिकारी गोरखपुर, मुख्य अभियंता (विद्युत) और आयुक्त गोरखपुर मंडल को लिखित शिकायत देकर इस कार्य को तुरंत रुकवाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उक्त के संबंध में एसडीओ विद्युत विभाग का कहना है आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश दे दिया गया है ।शिकायती प्रार्थना पत्र देने वालों में अशोक कुमार, कबिन्द्र, प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, मोहम्मद, राहुल कुमार, सुशील चौधरी, संत प्रसाद, अजीत चौरसिया,घनश्याम प्रसाद,अजय भुज,दूधनाथ प्रजापति, अनिल कुमार,मनोज कुमार,विनय कुमार,अरमान,संजय मौर्या, राकेश चौरसिया,किशोर,खुर्चन,गणेश गुप्ता सहित लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## तहसील की सड़क बनवाने की मांग

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल)सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर की जर्जर सडक निर्माण की मांग को लेकर डीएम को पत्र भेजा है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष केके शुक्ला व मंत्री अनूप कुमार वर्मा ने डीएम को भेजे पत्र में कहा है कि तहसील परिसर की सडक पूर्ण रूप से जर्जर हो चुकी है। बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या होने से वादकारियों और अधिकारियों को भारी परेशानी का सामना करना पडता है।इस मामले को लेकर एसडीएम और तहसीलदार से कई बार वार्ता की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने परिसर की सडक बनवाने की मांग की है।

## उधारी का पैसा मांगने पर पीटा

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र में उधारी का पैसा मांगने पर एक व्यक्ति ने युवक की पिटाई कर दी।पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।ग्राम किशुनुआपुर निवासी रिंकी पुत्र विजय कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसने गांव निवासी जगदीश पुत्र श्रीपाल को 6 हजार रुपए धान खरीदने के लिए दिये थे।जब उसने पैसे मांगे तो जगदीश, पंकज पुत्र देशराज ने उसे लाठी डन्डो से मारापीटा और जान से मारने की धमकी

## हत्या की रिपोर्ट दर्ज आरोपी का भेजा चालान

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल)कोतवाली क्षेत्र के गांव भैठिया में बुधवार को शराब पीने के दौरान हुई एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेज दिया है। बुधवार की सुबह गांव भैठिया में 30 वर्षीय जाहिद अली पुत्र रोज अली और गांव के ही अशोक चैहान ने रोज अली के पुत्र जाहिद अली पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी थी।पुलिस ने मृतक के पिता रोज अली की तहरीर पर अशोक कुमार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को अलीगंज रोड कैला देवी मंदिर के पास से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अशोक कुमार ने जुर्म इकबाल करते हुए बताया कि जाहिद अली ने उसकी पत्नी भगवा दिया था जिससे वह रंजीत मानने लगा था और उसे रास्ते से हटाने की ठान ली थी। बुधवार को सुबह उसने योजना के तहत जाहिद अली को शराब पिलाई और फिर जब उसे नशा हो गया तो कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार कर अपनी रंजिश का बदला ले लिया।

## हैदराबाद थाना प्रभारी शिवाजी दुबे को दी विदाई

लखीमपुर खीरी।हैदराबाद थाना के प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे को पुलिस स्टॉप एवं गणमान्य नागरिकों ने फूल मालाओं से स्वागत कर उनको भाव भीनी विदाई दी है। कार्यक्रम के दौरान वह भावुक हो गए।उन्होंने कहा कि पुलिस में तैनाती के अधिकतम समय की सीमा निर्धारित है।न्यूनतम की कोई सीमा नहीं है।पुलिस स्टाफ, पत्रकारों व क्षेत्रीय नागरिकों से मिले स्नेह व प्यार की तारीफ की है वहीं मौजूद स्टाफ व गणमान्य लोगों ने उनके कार्यकाल को सफल बताया।

# ई-लाटरी से 426 मदिरालयों का व्यवस्थापन

## नोडल मिनिस्ती एस की निगरानी, डीएम-एसपी की देखरेख में हुई पूरी प्रक्रिया

- ई-लॉटरी की हुई वीडियोग्राफी, सीसीटीवी से भी हुई निगरानी



लखीमपुर खीरी।जिले में गुरुवार को ओडिटोरियम सह मल्टीपरपज हाल, राजकीय आईटीआई राजापुर लखीमपुर में शासन से नामित नोडल अफसर मिनिस्ती एस की निगरानी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा की देखरेख में वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रथम चरण की ई-लाटरी के जरिए 426 मदिरा दुकानों का आवंटन हुआ।

पूरी प्रक्रिया वीडियोग्राफी के साथ-साथ सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न हुई।ई-लॉटरी से पूर्व प्रतिभागियों के मध्य सिमुलेशन प्रकिया की गई, जिसके माध्यम से यह दिखाया गया कि सभी आवेदकों के लॉटरी के सफल होने की संभावना लगभग बराबर है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम है।इसके बाद तय समय पर वास्तविक ई-लॉटरी शुरू हुई।जिसमें देशी मदिरा की 264, मॉडल शॉप 02, 156 कंपोजिट शॉप (विदेशी मदिरा और बियर) और भांग की 04 दुकानों ई-लाटरी के माध्यम से वर्ष 2025-26 के लिए अनुज्ञापियो का चयन किया। इस प्रकार जनपद की कुल 426 दुकानों का व्यवस्थापन हो गया। भांग की 01 दुकान पर कोई आवेदन नही आया। जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने ई-लॉटरी शुरू होने से पूर्व पूरी प्रक्रिया बताते हुए ई-लॉटरी प्रक्रिया के सभी कायदे-कानून की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान लॉटरी में प्रतिभाग करने पहुंचे व्यक्तियों के सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया।

जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि आमजन हेतु जनपद की आधिकारिक वेबसाइट एवं इस लिंक के माध्यम से ई-लाटरी से चयनित मदिरा दुकानों का विवरण देख सकते हैं। इनकी रही मौजूदगी अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदित्य राघव एवं उनकी तकनीक टीम सहित आबकारी महकमें के अधिकारीगण मौजूद रही।

## छात्रों का एनएमएमएस व इंस्पायर अवॉर्ड में चयन

जसवंतनगर, इटावा।विकासखंड के संकुल तिजौरा स्थित यूपीएस प्रेमनगर के छात्रों ने एक बार फिर शानदार उपलब्धि हासिल की है।इस वर्ष भी विद्यालय के दो छात्रोंकृआदर्शऔर शिवाजीकृका चयन राष्ट्रीय आय-सह-प्रतिभा खोज परीक्षा में हुआ है, जबकि कक्षा 8 के छात्र राहुल कुमार ने इंस्पायर अवॉर्ड में स्थान प्राप्त किया है। एनएमएमएस परीक्षा में चयनित छात्रों को चार वर्षों तक वार्षिक 12,000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी, जबकि इंस्पायर अवॉर्ड के तहत 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि विज्ञान मॉडल निर्माण के लिए दी जाएगी। खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार, जिला समन्वयक मनोज धाकरे, व्यायाम शिक्षक राजेश जादौन और समस्त एआरपी टीम ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार ने ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक पूरी लगन और मेहनत से कार्य कर रहे हैं विद्यालय के सहायक शिक्षक सुशील बाबू, क्षितिज कुमार ने इस उपलब्धि से यूपीएस प्रेमनगर का नाम एक बार फिर शिक्षा क्षेत्र में गौरवान्वित हुआ है।

## इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में सयानी ने मारी बाजी




गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2024-25 के अंतर्गत चिल्ड्रेन्स एकेडमी में कक्षा 9 की छात्रा सयानी पटेल ने अपना स्थान दर्ज कराया।प्रदेश स्तर की इंस्पायर अवार्ड मानक योजना 2024-25 की जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए छात्रा को दस हजार प्रोत्साहन राशि भी अंतरित की गई है।छात्रा ने अपना प्रोजेक्ट सस्पेंशन बैग के माध्यम से छात्रों एवं यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने की योजना के साथ प्रस्तुत किया।सयानी पटेल के प्रोजेक्ट को गोला तहसील के 19 अन्य विद्यालयों के साथ इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के लिए चयनित किया गया।इस प्रोजेक्ट में विद्यालय के विज्ञान विषय के अध्यापक आगाज आलम का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के प्रबंधक सतीश गुप्ता एवं प्रधानाचार्य अजय कृष्ण आनन्द ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं प्रदान की।

## वैश्य समाज ने उठाई रामकृष्ण गुप्ता को जिलाध्यक्ष बनाए जाने की मांग

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) शहर के वैश्य समाज ने रामकृष्ण गुप्ता को भाजपा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की है।इसे लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी को संबोधित ज्ञापन अजय मिश्रा टेनी को दिया गया है।

वैश्य समाज के विधानसभा अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भेजे ज्ञापन में कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष की संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया के अन्तर्गत नामांकन हुआ है।जिसमें छोटी काशी से रामकृष्ण गुप्ता ने भी जिलाध्यक्ष का नामांकन कराया है। रामकृष्ण वैश्य समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायी, समाज के लिए निरन्तर कार्य करने वाले तथा आरएसएस और भारतीय जनता पार्टी में जिले के वरिष्ठतम कार्यकर्ता, पार्टी के लिए पैतृक रूप से 1984 से निरन्तर कार्य करते चले आ रहे हैं, पार्टी द्वारा चलाये गये प्रमुख आन्दोलनों में प्रमुख भूमिका का निर्वहन किया है।श्रीरामजन्म भूमि आन्दोलन में 1 माह जेल, पार्टी के अन्य आन्दोलनों में जिला कारागार में 15 दिन तथा मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा में जम्मू काश्मीर में लाल चैक तक और राष्ट्रीय एकता यात्रा में नई दिल्ली तिहाड़ जेल तक गिरफ्तारी और पं० दीन दयाल उपाध्यय की कर्मभूमि छोटी काशी में उनकी पुण्य स्मृति में पार्क / मूर्ति स्थापना जैसे अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य तथा 1984 से लोकसभा / विधानसभा/विधान परिषद एवं अन्य चुनावों में पार्टी के पक्ष में रातदिन निःस्वार्थ सेवा की है।

## एक्सल टूटने से कार अनियंत्रित हुई

बकेवर, इटावा।सिक्सलेन हाईवे इटावा औरैया मार्ग पर बृहस्पतिवार की सुबह एक फोर व्हीलर कार के एक्सल टूटने से कार अनियंत्रित हो गई जिसके चलते पीछे आ रहे दो ट्रक आपस में जा टकराये हादसे में कार चालक सहित ट्रक चालक बाल बाल बचे।वही दुर्घटना के चलते कई घंटे तक हाईवे पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर एक सुनिश्चित स्थान पर खड़ा करवरकर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चालू करवाई। बकेवर थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे इटावा औरैया मार्ग पर बृहस्पतिवार को एक फोरव्हीलर कार औरैया की तरफ जा रही थी तभी कार के एक्सल टूटने से कार अनियंत्रित हो गई जिसके चलते पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक मार दिए जिससे ट्रक आपस में भिड़ गए।

# दिव्यांगों की समस्याएं हल न हुईं तो होगा आंदोलन




गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) भारतीय दिव्यांग यूनियन ने दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर डीएम को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को देकर समस्याओं का निराकरण कराने की मांग की है। निराकरण न होने पर डीएम कार्यालय के सामने भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।

भारतीय दिव्यांग यूनियन के तहसील अध्यक्ष विकास कुमार व अन्य पदाधिकारियों का कहना है कि उन्होंने दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर कई बार ज्ञापन दिए, पर की कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।उनकी मांग है कि दिव्यांग अधिनियम 2016 का पालन करना सुनिश्चित कराया जाए, पीड़ित व्यक्ति की संबंधित थानों में रिपोर्ट दर्ज करते समय दिव्यांग अधिनियम 2016 की धाराओं को सम्मिलित किया जाए, तहसील गोला में जितने भी अंतोदय राशन कार्ड बने हैं उनकी सब की जांच हो जांच में अपात्र पाए गए राशन कार्ड धारकों के राशन कार्ड काट दिए जाएं, सभी दिव्यांगों के अंत्योदय राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित किया जाए ताकि दिव्यांगों का भरण पोषण हो सके, दिव्यांगों को प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना का लाभ दिया जाना सुनिश्चित हो ताकि स्वरोजगार कर अपना जीवन यापन कर सकें, गोला में पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास बने काशीराम आवास में खाली पड़े आवासों को प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगों को आवास आवंटित कराये जाए, तहसील गोला में मंडी समिति, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, तहसील परिसर चैराहा सरकारी संस्थान जैसे स्कूल,बैंक , थाना , आदि के फुटपाथ पर दिव्यांगों को रोजगार करने को खोखा रखने की अनुमति प्रदान की जाए ताकि दिव्यांग स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकें, दिव्यांग शिक्षक विपिन शाह की ओर से मनु ला कॉलेजओयल के प्रबंधक डॉक्टर इरा श्रीवास्तव व अन्य के विरुद्ध दर्ज मुकदमा थाना खीरी की निष्पक्ष विवेचना कर नामजद अभियुक्तगण को गिरफ्तार कराया जाए, कोतवाली सदर थाना खीरी में रजिस्टर्ड डाक से प्रेरित प्रार्थना पत्र की एफआईआर दर्ज कराई जाए अवशेष वेतन सहित मुआवजा दिलाया जाए। ज्ञापन देने वालों में तिलकराम वर्मा , अमित कुमार, मिथिलेश कुमार, भानु शंकर लाल, चांदनी , संजेश कुमार, राजेशमौर्य, विकास कनौजिया, परवेज अली, विक्रम, आदि दिव्यांग शामिल थे।

## सती दादी का हुआ मंगल पाठ



तिकुनियां-खीरी।कस्बा स्थित रानी सती दादी मंदिर पर महिलाओं ने मंगल पाठ किया ।इस दौरान महिलाएं व बच्चे भजनों पर झूमते नजर आए।रानी सती दादी का मंदिर पीपल मंदिर पर स्थित है।बुधवार को श्रीश्याम महिला मित्र मंडल ने रानी सती दादी के मंगल पाठ का आयोजन किया।व्यास पीठ पर विराजमान शिवांगी व लवली ने मंगल पाठ किया।महिला व पुरुष श्याम मित्र मंडल के द्वारा गाए भजनों पर भक्त झूमते नजर आए।कार्यक्रम में फूलों व गुलाल की होली भी खेली गई देर रात तक चले कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर पंडित शिवचरन शर्मा,वेद प्रकाश तिवारी, आशीष अग्रवाल, हैपी कुंछल, मनोज जिंदल, राजकुमार, शोभित, आयुष, आनंद अग्रवाल, उपासना, अर्निका, नीतू, बरखा, किरन सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।

# विधायक ने देखी कॉरिडोर निर्माण की प्रगति



गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) गोकर्ण कॉरिडोर कारिडोर निर्माण की गति पिछले एक महीने से धीमी गति से चल रही है। जिसको लेकर विधायक अमन गिरि और उप जिलाधिकारी विनोद कुमार गुप्ता ने शिव मंदिर परिसर का निरीक्षण कर कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के जेई विवेक वाजपेयी से कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।22 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोकर कारिडोर की आधारशिला रखने आए हुए थे, इसके चंद दिन बाद ही महाशिवरात्रि का पर्व होने के कारण निर्माण कार्य 27 फरवरी तक बंद रखा गया था।28 फरवरी से ध्वस्त किए गए शौचालय और प्रशासनिक मेल कैंप कार्यालय के पास रिटेनिंग वॉल निर्माण को लेकर नींब खोदी गई, वहीं दूसरी ओर ध्वस्त किए गए महादेवा धर्मशाला के पास बाउंड्री वॉल और यात्री प्रतीक्षालय बना प्रस्तावित है। जिसको लेकर पोकलैंड मशीन के द्वारा नींब खोदी जा रही है। लेकिन दोनों कार्य काफी धीमी गति से चल रहे हैं। वही तीर्थ का कार्य, जो महाशिवरात्रि तक पूरा होना प्रस्तावित था। पिछले कई दिनों से बंद पड़ा हुआ है। विधायक अमन गिरि ने बताया कि पौराणिक शिव मंदिर कारिडोर का कार्य मार्च 2026 तक पूरा होना प्रस्तावित है। धीमी गति से कार्य चलने के कारण अधिकारियों को कार्य में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे निश्चित समय अवधि में कार्य पूरा हो सके।गोकर्ण तीर्थ कि सीढ़ियों का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जिन पर स्टेप लाइट लगाए जाने को लेकर बिजली के तार और पाइपलाइन भी बिछाई जा चुकी है।सीढ़ियों पर लाल पत्थर लगाकर रंग बिरंगी बिजली के लाइटों से सजाया जाएगा।

# संगोष्ठी में व्यसनों से मुक्ति पर गहन मंथन



गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) आरोग्य भारती इकाई द्वारा पैरामाउन्ट कोचिंग संस्थान में व्यसन मुक्ति को लेकर संगोष्ठी की गई।

संगोष्ठी में उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने मद्यपान और इलेक्ट्रॉनिक मशीनों से यथेष्ठ दूरी रखने की सलाह दी।

गायत्री परिवार के सत्य नारायण ने अथक परिश्रम और व्यक्तिगत जीवन में आध्यात्मिकता का समावेश करने को प्रेरित किया।सीजीएन पीजी कॉलेज के राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक कुमार सिंह ने विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स आत्म चिन्तन और आत्म मंथन करने की प्रवृत्ति को क्षीण कर देता है।जो कि युवा वर्ग में विषाद की जन्म दे रही है। इसके पश्चात आरोग्य भारती के जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने आए हुए अतिथियों को भगवत गीता भेंटकर सम्मानित किया। सचिव रामेन्द्र शुक्ला ने शान्ति मंत्र से समापन कराया। इसके अलावा पैरामाउन्ट कोचिंग संस्थान संगोष्ठी के निदेशक और मुख्य आयोजक सुशील वर्मा का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में उपाध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला एडवोकेट, डॉ. डीके मिश्रा, कोषाध्यक्ष पीयूष पंकज बाजपेई, राजीव गुप्ता उपस्थित रहे।

## आकांक्षा हाट के निर्माण का सीडीओ ने किया निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। एस एच जी की उद्यमी महिलाओं को जल्द आकांक्षा हाट स्टोर मिलने जा रहा है। आकांक्षा हट एवं प्रेरणा कैंटीन महिलाओं के बैठने के लिए राजापुर चौराहे पर पार्क भी बनाया जा रहा है।आकांक्षा हट का उद्घाटन करने के लिए मंडला आयुक्त एवं चीफ सेक्रेटरी की पत्नी 8 मार्च को लखीमपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम राजापुर चौराहे पर आ रही है। आकांक्षा हट पार्क बाउंड्री का निर्माण युद्ध स्तर पर सीडीओ अभिषेक कुमार एवं बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर आनंद फानन में कराया जा रहा है।मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार द्वारा राजापुर चौकी के समीप बन रहे आकांक्षा स्टोर का स्थल निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय डीसी स्वतः रोजगार जितेंद्र कुमार मिश्र, बीडीओ लखीमपुर ज्ञानेंद्र कुमार सिंह सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।उत्तर प्रदेश में महिला उद्यमिता को गति देने और स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देने हेतु लखीमपुर जनपद में राजापुर चौकी के पास आकांक्षा हाट स्टोर का निर्माण कराया जा रहा है' जिसका मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।निर्माण कार्य देख रही एजेंसियों को सीसीटीवी कैमरे लगाकर दो दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये तथा तथा डीसी स्वतः रोजगार को स्टोर पर कार्य करने वाले स्टॉफ के प्रशिक्षण के निर्देशित किया गया। जिससे स्टोर का संचालन कुशलता पूर्वक कर सकें।साथ ही पूरे जिले से स्वयं सहायता समूहों से उत्कृष्ट गुणवत्ता के उत्पादों एवं सामानों को मंगाकर उनकी क्वालिटी, पैकिंग की जांच कर उन्हें स्टोर में सुव्यवस्थित रखवाने के लिए निर्देशित किया गया।

# वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न




पलियाकलां-खीरी। श्री गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज राजकीय महाविद्यालय पलिया कलॉ-खीरी में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूम-धाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के द्वारा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार पलिया कलॉ आरती यादव रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता एवं आचार्य धनुषधारी द्विवेदी रहे। महाविद्यालय की छात्रा मुस्कान कुमारी ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डा० सूर्यप्रकाश शुक्ल के द्वारा समारोह में उपस्थित समस्त अतिथियो का स्वागत भाषण एवं महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की गयी।महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ₹शारदा₹ के षष्ठ अंक का विमोचन अतिथियो के द्वारा किया गया।महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओ ने विविध सांस्कृतिक कार्यकम प्रस्तुत किये।

क्रीड़ा समारोह एवं महाविद्यालय में आयोजित अन्य प्रतियोगिताओ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र एवं छात्राओ को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।बालक वर्ग के चैम्पियन सोनू तथा बालिका वर्ग की चैम्पियन अनीता चौधरी को सील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा० वसीम खान ने किया।इस अवसर पर मेहर चन्द्र अरोडा, ओम प्रकाश सुमन, मूलचन्द्र शाक्य, डा० राकेश यादव, संदीप कुमार अवस्थी, सुखवन्त सिंह, नीना अग्रवाल, बीना शुक्ला, महाविद्यालय के शिक्षक रविभूषण सिंह व कार्यालय स्टाफ विश्राम, आकर्ष विश्वकर्मा, अजय कुमार यादव, अशोक के अतिरिक्त छात्र एवं छात्राओं के अभिभावक एवं भारी संख्या में छात्र एवं छात्राएँ उपस्थित रही।

## तहसीलदार की जांच में गलत पाया गया निवास प्रमाण पत्र निरस्त करने की संस्तुति

शाहजहांपुर/जनपद के तहसील सदर क्षेत्र के आमखेड़ा सैंजना गांव में आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया के दौरान अविवाहित का ससुराल आमखेड़ा में दिखाकर निवास प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में सूत्रों द्वारा बड़ी खबर सामने आई है जहां बुधवार को तहसीलदार सदर ने जांच करने के बाद जारी निवास प्रमाण पत्र निरस्त करने की संस्तुति की है जिसके सहारे कांट ब्लॉक के सिसोरी निवासी पूजा पुत्री महेंद्र ने शादी से पूर्व ही कूट रचित दस्तावेजों से अपना निवास प्रमाण पत्र जारी कर लिया था और एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक में आंगनवाड़ी पद के लिए आवेदन कर दिया था मामला जब शिकायत के बाद सामने आया है तो जांच के बाद तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना द्वारा निवास प्रमाण पत्र निरस्त करने की संस्तुति की गई है पूरा मामला मदनापुर ब्लॉक क्षेत्र के आमखेड़ा सैंजना गांव का है जहां ब्लॉक कांट क्षेत्र के सिसोरी निवासी पूजा पुत्री महेंद्र ने मदनापुर ब्लॉक क्षेत्र के आमखेड़ा गांव में आंगनवाड़ी पद के लिए आवेदन किया था आवेदन की अंतिम तिथि 6 अप्रैल 2024 थी जिसको लेकर गांव के ही गुड्डू ने जिला अधिकारी शाहजहांपुर से लिखित में शिकायत कर आरोप लगाया था कि पूजा ने कूट रचित दस्तावेजों के सहारे अपना निवास प्रमाण पत्र बनवाया है और पूजा की शादी आवेदन की अंतिम तिथि 6 अप्रैल 2024 के बाद 18 अप्रैल 2024 को हुई है शिकायत के बाद जिला अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की जांच मुख्य विकास अधिकारी को सौंपी थी जिसे जांच हेतु जिला कृषि अधिकारी शाहजहांपुर को सौपा गया था जिसमें मंगलवार को शिकायतकर्ता के बयान दर्ज हुए थे और बुधवार को तहसीलदार सदर गांव जांच करने पहुंचे थे सूत्रों की माने तो नायब तहसीलदार को जब कूट रचित दस्तावेजों के सहारे निवास प्रमाण पत्र बनवाने वाली पूजा और उनका परिवार कोई शादी के साथ नहीं दिखा सका तो उनके ही परिवार के एक लड़के का मोबाइल लेने के बाद तहसीलदार ने शादी के पुख्ता सबूत के सहारे निवास प्रमाण पत्र निरस्त करने का फैसला लिया है ।

# शांति से होली मनाने के लिए शांति समिति की बैठक



पलियाकलां खीरी।थाना पलिया परिसर में उपजिला अधिकारी रत्नाकर मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र यादव व नगर पालिका अध्यक्ष लक्ष्मी देवी गप्ता की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई।जिसमें नगर के गणमान्य लोग तथा विभिन्न विभागों से जुड़े कर्मचारी अधिकारी वह जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।बैठक का संचालन नवागत थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने किया।उप जिला अधिकारी ने जानकारी ली कि यहां पर कैसे होली का पर्व मनाया जाता है होली कितनी जगह पर जलाई जाती है कहीं पर कोई विवाद तो नहीं है।कोई नया नई परंपरा न डालने की भी सलाह दी।शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाए।उन्होंने यह डीजे तो नहीं बजाए जाते कोई बड़ाजलूस तो नहीं निकलता है जानकारी मिली यहांसब शांतिपूर्णढग से मनाया जाता है।क्षेत्राधिकारी पलिया यादवेंद्र यादव ने भी होली का पर्व शांतिपूर्ण मनाए जाने को लेकर सभी सर्किलों को उप निरीक्षकों को होली पर्व शांतिपूर्ण संपन्न करने केलिए कहा कोई विवाद की बात है तो उसे आपस में सुलझा लें तथा उच्च अधिकारियों को जानकारी भी दे।सभी अधिकारियों ने आए हुए सभी लोगों से कहा कहा कि होली का पर्व आपस में मिलजुल कर परंपरागत ढंग से ही मनाएं। इस अवसर पर उपस्थित रहनेवालों मे व्यापार मंडलके अध्यक्ष अनूप मिश्रा कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा महामंत्री सदीप बंसल भाजपा नेता श्यामआनंद पलिया नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष गौरव गुप्ता नगर पालिका से विजेंद्र कुमार सभासद डॉक्टर रविंद्र सिंह सभासद रुखसाना अमर गुप्ता सुनील जायसवाल जेई गिरीश कुमार पटिहन से श्रीकृष्ण भास्कर सहित नगर के अन्य प्रतिष्ठित लोग व पत्रकार गण उपस्थित रहे।

संक्षेप

## पोखरे के किनारे मिली युवक की लाश

**जौनपुर**। खेतासराय थाना क्षेत्र की अमरेथूवा गांव में ईंट भट्टे से कुछ दूरी पर युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गुरुवार तड़के आसपास के ग्रामीण जब अपने दैनिक कार्य से घर के बाहर निकले तो देखा की एक युवक की लाश पड़ी है। ग्रामीणों की एकत्रित भीड़ में एक ने पुलिस को सूचना दिया। कुछ ही देर बाद पुलिस ने इसकी शिनाख्त कर लिया वह आजमगढ़ जनपद के थाना फूलपुर ग्राम इटकुहिया निवासी अखिलेश कुमार गौतम के नाम के पहचान कर लिया है। पुलिस का अनुमान है कि अधिक शराब पीने के कारण वह पोखरे के किनारे बेहोश हो गया और ठंड लगने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मौत का सही कारण पता लगाने के लिए लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन करने में लगी हुई है।

## युवक की हत्या कर फेंका गंगा में शव

**मीरजापुर**। थाना जमालपुर क्षेत्र के हरदी सहजनी के लापता युवक की दो दोस्तों ने हत्या कर गंगा में उसका शव फेंक दिया। युवक ने शराब के नशे में आरोपी के भाई की हत्या करने की बात बताई थी। इसके बाद दोनों युवकों ने गुस्से में उसकी हत्या कर शव को गंगा में फेंक दिया।पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर, गंगा में शव की तलाश कर रही है।बताते हैं कि हरदी सहजनी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसका भाई सुशील कुमार उर्फ मोनू 28 वर्ष 20 फरवरी को दोस्तों के साथ निकला था लेकिन फिर घर नहीं लौटा। पुलिस ने सीडीआर निकालकर जांच की तो बड़ा खुलासा हुआ।पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़कर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि सुशील को गंगा में फेंक दिया है।थानाध्यक्ष विजय सरोज ने बताया कि मामले में अभिषेक पांडेय निवासी हर्दी सहजनी और आदित्य पटेल उर्फ निवासी डेढ़ौना थाना अदलहाट को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की पूछताछ में अभिषेक ने बताया कि उसके भाई अभिजीत की 2024 में अदलहाट में सड़क हादसे में मौत हो गई थी, लेकिन उसे शक था कि उसकी हत्या की गई है।अभिषेक अपने साथी आदित्य के साथ सुनील को लेकर निकला था। दुर्गा जी मोड़ पर उन्होंने बाटी चोखा खाया और आठ बीयर खरीदी। इसके पहले सुनील दो बीयर पी चुका था। दोबारा बीयर पीने के बाद सुशील ने अभिषेक से बताया कि उसने भाई अभिजीत की उसने हत्या की थी। इससे गुस्से में आए अभिषेक ने चुनार पुल से सुनील को नीचे फेंक दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सुनील के शव की तलाश की जा रही है।

## डीएम ने मंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

**मीरजापुर**। डीएम ने जिला अस्पताल के पीछे निमार्णाधीन चिकित्सक आवास का भ्रमण कर निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने प्राचार्य मेडिकल कालेज को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्था से समन्वय स्थापित करते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर निर्देशित किया कि डाक्टरो हेतु बन रहे आवास के आस पास की भूमि का खतौनी के आधार पर पैमाइश कराते हुए सरकारी जमीनो पर किए गए अवैध कब्जे को हटवाया जाए।उन्होंने कंडम गाड़ियो, टूटी फूटी कुर्सिया, फर्नीचर आदि निष्प्रयोज्य सामानों को समिति बनाते हुए नियमानुसार नीलाम कराने का निर्देश प्राचार्य मेडिकल कॉलेज को दिया।

# स्वस्थ मन में होता है स्वच्छ विचार : बीईओ

### खण्ड शिक्षा अधिकारी ने पूमावि ढुटेर के बच्चों को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र



**सोनभद्र**। स्वस्थ शरीर में स्वच्छ मन रहता है, इसलिए पढ़ाई के साथ खेलकूद भी जरूरी है।उक्त उद्गार खंड शिक्षा अधिकारी घोरावल अशोक कुमार सिंह ने वृहस्पतिवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढुटेर में जिले स्तर पर हुई राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों आलोक सिंह, अधिकृत पांडेय, आलोक रंजन, अंशिका, प्रीति विश्वकर्मा, अनन्या पांडेय, स्नेहा मौर्या, अवनीश कुमार को पुरस्कृत करने के पश्चात व्यक्त किया। उन्होंने इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यदि पूरी निष्ठा और मनोयोग के साथ कोई कार्य करेंगे तो निश्चय ही सफलता चरण चूंम लेगीं। बीईओ ने शिक्षा पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की मंगल कामना के साथ ही विद्यालय परिवार को ?भी बधाई दी। प्रधानाध्यापक यतिनंदनलाल ने खंड शिक्षा अधिकारी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक राजकुमार, शिक्षक संकुल अमित कुमार श्रीवास्तव, अशोक सन्यासी, विद्यालय प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानदास कनौजिया, विनोद कुमार मौर्य, एसएमसी अध्यक्ष महेश सिंह, किरन मौर्या आदि मौजूद रहीं।

## यूपीएस ढुटेर के बच्चे लखनऊ में खेलेंगे बैडमिंटन

**सोनभद्र**। घोरावल ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढुटेर के चार बच्चे प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कॉलेज में 11 व 12 मार्च को बैडमिंटन खेलेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए उक्त विद्यालय के चार बच्चे निधि पांडेय, अनन्य पांडेय, आलोक रंजन तथा अविनाश का चयन किया गया है। यह जानकारी प्रधानाध्यापक यतिनंदनलाल ने गुरुवार को दी।

## सोनपम्प कैनाल से डोगिंया व अहरौरा डैम में पानी उपलब्ध कराने को बैठक संपन्न

**मीरजापुर**। गर्मी के दिनों में जनपद मीरजापुर, सोनभद्र में कृषको के फसलो की सिंचाई या पेयजल की समस्याओं को दूर करने के दृष्टिगत डीएम मीरजापुर प्रियंका निरंजन के पहल पर मंडलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में राबटर्सगंज कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम मीरजापुर प्रियंका निरंजन, जिलाधिकारी सोनभद्र बीएन सिंह, सीडीओ सोनभद्र जागृति अवस्थी एवं सिंचाई नहर विभाग के यांत्रिक, सिविल तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में डीएम मीरजापुर ने बताया कि गर्मी के दिनों में पहाड़ी क्षेत्रो में जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण सिंचाई व पेयजल की समस्या गम्भीर हो जाती है, जनपद सोनभद्र में स्थित सोन पम्प कैनाल के माध्यम से जनपद सोनभद्र व मीरजापुर के पहाड़ी अंचलो में स्थित डैम को भरा जाता है जिससे पेयजल और सिंचाई की समस्या का समाधान किया जाता हैं। इस अवसर पर दोनो जनपदों के सिंचाई नहर प्रखण्ड विभाग,सोन पम्प कैनाल व विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक जानकारी ली गई। मण्डलायुक्त ने कहा कि गर्मी को देखते हुए दोनों के जनपदों के पहाड़ी क्षेत्रो के लोगो को पीने व सिंचाई को लेकर किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए पहले से ही कार्य योजना तैयार कर कार्रवाही सुनिश्चित की जाए। डीएम ने बताया कि मीरजापुर के डोगिंया व अहरौरा डैम को भरने के लिए उनके द्वारा मांग कर ली गई है जिस पर बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि सोन पम्प कैनाल में पानी की उपलब्धतता को देखते हुए पूरी क्षमता के साथ पम्प का संचालन कर घाघर होते हुए डोगिंया तथा अहरौरा डैम में पानी उपलब्ध कराया जाए। डीएम ने कहा कि वर्तमान में सिंचाई आदि के लिए पानी की मांग कम है और सोन नदी में पानी की उपलब्धतता पर्याप्त मात्रा में है अतएव मार्च व अप्रैल माह में ही पम्पो को चलाकर डैमो को भरने की कार्यवाही कर दी जाए। पम्प कैनाल के अधिकारियों के द्वारा बताया गया कि सोन पम्प कैनाल पर वर्तमान में 05 पम्प संचालित है जिसमें एक पम्प को रिर्जव रखते हुए तृतीय व चतुर्थ स्टेज पर 04 पम्पों का संचालन करते हुए डोगिंया व अहरौरा डैम को भरा जाएगा। डीएम मीरजापुर ने बताया कि डोगिंया की क्षमता 28 एमसीएम है जिसके सापेक्ष वर्तमान में मात्र 12 एमसीएम पानी की उपलब्धतता है इसी प्रकार अहरौरा में 60 एमसीएम क्षमता के सापेक्ष मात्र 6 एमसीएम पानी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि डोडिंगया, अहरौरा तथा अपर खजुरी के लिए 300 क्यूसेक्स पानी उपलब्ध कराने हेतु मांग पत्र भेज दिया गया हैं।

# महिला अपराधों में न्याय दिलाना सुनिश्चित करें




**जौनपुर**। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य डा0 अर्चना मजूमदार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला अपराध से संबंधित मामलों की जनसुनवाई गुरुवार को आयोजित की गई। सदस्य के समक्ष जनसुनवाई के दौरान महिलाओं और बालिकाओं ने महिला अपराध से जुडी शिकायतों तथा अपनी समस्याओं को रखा, जिन्हें गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने त्वरित समाधान के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों का पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि न्याय दिलाने में देरी का अर्थ है व्यक्ति को न्याय से वंचित रखना। इस लिए महिला अपराधों, घरेलू हिंसा आदि से सम्बन्धित ममलों में शीघ्र कार्यवाही कर न्याय दिलाना सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य का जनपद में स्वागत करते हुए कहा कि सदस्य महिला आयोग के आगमन से निश्चित रूप से महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण में गति मिलेगी।उन्होंने सभी अधिकारियों की तरफ से आश्वस्त कराया है कि दिये गये निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन किया जायेगा। सदस्य ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि घरेलू हिंसा से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार, विधिक अधिकारी मनमोहन शर्मा, दीपाली श्रीवास्तव, पुलिस प्रशासन के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## आपात कालीन सेवाओं को प्रभावी बनायें: एलडी मिश्रा

**जौनपुर**।चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्य नोडल अधिकारी इमरजेंसी एंड ट्रॉमा सर्विसेज प्रो. (डॉ.) एलडी मिश्रा ने उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय व जिला अस्पताल महिला व पुरुष का निरीक्षण किया। उन्होंने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के मानकों के अनुरूप आपातकालीन सेवाओं की स्थिति का आकलन कर उनकी सुदृढ़ता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।डॉ. मिश्रा ने निमार्णाधीन अस्पताल के बारे में भी जानकारी ली और सिविल कार्य के साथ-साथ विद्युत व फायर सिस्टम को शीघ्र पूरा करने की जरूरत बताई। डॉ.एलडी मिश्रा ने मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल प्रशासन को आपात कालीन सेवाओं को और अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि बेड की संख्या बढ़ाई जाए और जीवन रक्षक उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। चिकित्सा स्टाफ की तैनाती और सेवा संचालन को तेज किया जाए।इसके अलावा अस्पताल प्रबंधन को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आपात कालीन सेवाओं के उन्नयन पर ध्यान देने के निर्देश दिए। इस दौरान मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ.रुचिरा सेठी, सीएमएस मेडिकल कॉलेज डॉ.एए जाफरी, सीएमएस जिला अस्पताल पुरुष डॉ.केके राय, सीएमएस जिला अस्पताल महिला डॉ.एमके गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पर्वों के मद्देनजर धर्मगुरुओं संग की बैठक

**सोनभद्र**। डीएम बद्रीनाथ सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में होली पर्व को परस्परिक सहायोग, सौहार्द के साथ मनाये जाने एवं पवित्र माह रमजान/ईद के दौरान विधि व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी धर्मगुरूओं (पीस कमेटी) की बैठक की गयी। होली पर्व व माह रमजान को सकुशल सम्पन्न कराने के मकसद से धर्मगुरूओं व अधिकारियों के साथ समन्वय हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने होली पर्व के मद्देनजर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष होलिका दहन 13 मार्च, 2025 को तथा 14 मार्च, 2025 को रंग भरी होली के रूप में मनाया जायेगा। यह पर्व सम्पूर्ण जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, इस त्यौहार पर विभिन्न स्थानों पर लोग समूह में रंग खेलते हुए चलते हैं, ऐसे स्थलों पर जहां पर लोग अधिक संख्या में एकत्रित होते हैं, वहां संभावित घटनाओं का पूवानुमान लगाया जाना और किसी घटना के घटित होने पर नियंत्रण हेतु तत्परता पूर्वक प्रभावी कार्यवाही करना आवश्यक होता है। उल्लेखनीय है कि विधि एवं शांति व्यवस्था के अन्तर्गत निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा-144 सोनभद्र के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रभावी है। उन्होंने कहा की होली पर्व के दौरान लोक प्रशान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने के उद्देश्य से स्थैतिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है, सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर प्रत्येक दशा में अपने-अपने क्षेत्रों में विधि एवं शांति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगें। जनपद में होली के त्यौहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं अपर पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद , अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में इस दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था व जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये एवं विद्युत की आपूर्ति भी निरन्तर बनायी रखी जाये, नगर पालिका क्षेत्र में किसी को किसी प्रकार की समस्या होने पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# सैमसंग के एक्सक्लूसिव स्टोर का शुभारंभ



**आजमगढ़**। विश्वस्तरीय सैमसंग कंपनी के एक्सक्लूसिव स्टोर श्री अमोहा सैमसंग स्मार्ट कैफे का शुभारंभ नगर के सिविल लाइन में कंपनी के आरएसएम उत्तर अनूप शर्मा, गोरखपुर जोन के जेड.एस.एम. मनीष कुमार सिंह व विधायक नफीस अहमद द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस एक्सक्लूसिव स्टोर पर जहां नवीनतम सैमसंग उत्पाद की बिक्री होगी वहीं सर्विस सेंटर की भी व्यवस्था उपलब्ध रहेगी, जो आजमगढ़ मंडल के लिए एक अद्वितीय स्टोर है।

कम्पनी के उत्तरी जोन के आरएसएम अनूप शर्मा ने बताया कि सैमसंग अपने हर ग्राहकों की खास ख्याल रखती आई है इसलिए लाखों की आबादी वाले आजमगढ़ मंडल वासियों के लिए कंपनी द्वारा सेल्स और सर्विस की व्यवस्था इसी एक्सक्लूसिव स्टोर में मुहैया कराई है। शुभारंभ के दौरान मुख्य अतिथि नफीस अहमद ने कहाकि इस व्यस्तम लाइफ में सेल्स और सर्विस दोनों की सुविधाएं एक ही स्टोर में मिलना निश्चित ही ग्राहकों के सपने को साकार करने जैसा है। जिसका लाभ आजमगढ़ मंडल के लोगों को मिलेगा। ऐसा स्टोर पूरे प्रदेश में एकाध ही है, जिसके लिए प्रोपराइटर प्रवीण दीक्षित बधाई के पात्र है। जिन्होंने महानगरों के तर्ज पर आजमगढ़ में यह सुविधा उपलब्ध कराया हैं, जो आजमगढ़ वासियों को हाईटेक बनाने का सार्थक प्रयास को दशार्ता है।

गोरखपुर जोन के जेडएसएम मनीष कुमार सिंह ने बताया कि सैमसंग कंपनी आज हर व्यक्ति की पहली पंसद हैं, कंपनी द्वारा अपने नये-नये विश्वस्तरीय उत्पादों की खरीदारी करके ग्राहक अपने पंसदीदा मोबाइल की खरीदारी कर सकता है, इसके लिए यह स्टोर मिल का पत्थर साबित होगा। अंत में सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए प्रोपराइटर प्रवीण दीक्षित ने कहा कि इस स्टोर में ग्राहक अपने पंसदीदा मोबाइल को टच और फील कर उसकी गुणवत्ता को परक सकेंगे।इसके साथ ही कंपनी द्वारा जारी सभी स्कीमों के साथ साथ छात्राओं, युवाओं, वाणिज्य वर्ग के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ देते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहाकि ग्राहकों की उत्कृष्ट सेवा की अपनी प्रतिबद्धता को हम सदैव दोहराते रहेंगे। मंत्रोच्चारण आचार्य अजय पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर अशोक वर्मा, राजेन्द्र यादव, अविनाश जालान, देवनाथ यादव, बलराज सिंह, विमल राय, राकेश सिंह, बृजेश नंदन पांडेय, आदि मौजूद रहे।

## नौ छापे मारे गये, संग्रहीत किये गये 10 नमूने

**जौनपुर**। सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, देवाशीष उपाध्याय ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन के क्रम में आगामी होली एवं रमजान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मिलावटी खाद्य पदार्थों के भण्डारणध्विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा किये जा रहे। सहायक आयुक्त (खाद्य)- द्वितीय के नेतृत्व में खाद्य सचल दल में सम्मिलित खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण बिपिन कुमार गिरि, विनोद कुमार यादव, मनोज कुमार वर्मा एवं श्रीमती अपराजिता तिवारी द्वारा जनपद के विभिन्न बाजारों में कार्यवाही की गयी जिसमें कुल निरीक्षण 24, कुल छापे 09, कुल संग्रहीत नमूनों 10, जारी सुधार नोटिस की संख्या 07 है। जिसमें सिरकोनी बाजार में पेड़ा, खोया, जगदीशपुर में तेल, दूध, जलालपुर बर्फी, पेड़ा, खोया, कल्यानपुर कबूलपुर बाजार इमली जेली, कचरी, जफराबाद बाजार नमकीन संग्रहीत खाद्य का नमूना संग्रहण किया गया।

# अध्यक्ष ने अशोक नगर आरसीसी रोड का किया लोकार्पण



- नगर वार्ड-2 व आरसीसी रोड निर्माण का किया निरीक्षण

**सोनभद**। रावटर्सगंज नगर स्थित वार्ड 2 व अशोक नगर में 550 मीटर सड़क आरसीसी रोड, पटरी व इंटरलॉकिंग का नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा लोकार्पण करते हुए निरीक्षण किया। उन्होंने सुंदरीकरण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर तेजी गति दी गई है। जिसके क्रम में गुरुवार को वार्ड 2 व अशोक नगर 550 मीटर आरसीसी सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित ठेकेदार को दिशा निर्देशित किया। वहीं आपाध्यक्ष ने बताया कि वार्ड 2 व में गुड्डू तिवारी के घर से खखंडू के घर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना मद से निर्माण कार्य कराया गया। अध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के विस्तार कार्यक्रम क्षेत्र के भी विकास कार्यों को बजट मिलकर कार्य करने को लेकर संबंधित को अवगत करा दिया गया है। जल्द से जल्द सभी विकसित कार्यों को कराया जायेगा। नगर पालिका क्षेत्र के आम जनमानस को किसी प्रकार से कोई दिक्कत ना हो इसको देखते हुए विशेष तौर पर सरकार से बजट मांग कर विशेष पैकेज के तहत विकास कार्यों को कराया जा रहा है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव,जेई मनीष कुमार, सभासद चंद्र प्रकाश उर्फ पप्पू दुबे, अनवर अली, मनोज चैबे, अमित दुबे, अजीत सिंह ,विमलेश कुमार, आकाश रावत शाहित आदि मौजूद रहे।

## गर्भवती व धात्री महिलाओं को मिले दस हजार रुपये की सहायता : युवा मंच

0 आंगनबाड़ी केंद्र को मजबूत कर दूर किया जाए कुपोषण

सोनभद्र। जनपद में 20 फीसदी गर्भवती महिलाओं के हाई रिस्क श्रेणी में होने और बड़ी संख्या में एनीमिक होने के आए आंकड़ों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए युवा मंच ने सरकार से गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषाहार के लिए 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने और आईसीडीएस के आंगनबाड़ी केन्द्रों को कुपोषण दूर करने के लिए मजबूत करने की मांग की है। युवा मंच जिला संयोजक सविता गोंड ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि जनपद में अप्रैल 2024 से जनवरी 2025 तक 54249 गर्भवती महिलाओं ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 10294 में गर्भवती महिलाएं उच्च जोखिम की श्रेणी में है। इसमें सर्वाधिक महिलाएं 2061 म्योरपुर की है। इसी प्रकार 3594 गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर गंभीर रूप से बेहद कम है और इसमें भी सर्वाधिक संख्या म्योरपुर की 888 है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के बावजूद जिले में यह भयावह स्थिति है। पत्र में कहा गया कि गरीबी, बेरोजगारी और भीषण महंगाई के कारण लोगों की आमदनी बेहद कम है और लोग आवश्यक पुष्ट भोजन नहीं खा पा रहे हैं। इसलिए आवश्यकता है कि उन्हें पौष्टिक भोजन देने की सलाह देने के साथ कम से कम 10 हजार रुपए गर्भवती व धात्री महिलाओं को सरकारी सहायता दी जाए ताकि वह कुपोषण से मुक्त हो सके। कहा कि जनपद में आमतौर पर लोगों में हीमोग्लोबिन का स्तर बेहद कम रहता है। इसलिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पर्याप्त पोषण आहार महिलाओं और बच्चों को दिया जाए। पत्र में कहा गया कि जिला अस्पताल को छोड़कर जनपद में किसी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं है। घोरावल, चोपन व म्योरपुर में महिला डॉक्टर और

# जौनपुर महोत्सव में 500 से अधिक जोड़े होंगे परिणसूत्र में आबद्ध



**जौनपुर**। नगर के शाहीकिला में 10 मार्च से 12 मार्च तक तीन दिवसीय जौनपुर महोत्सव के तैयारी के संबंध में एक बैठक खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के सिपाह स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर नगर अध्यक्ष कमलेश निषाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि जौनपुर महोत्सव के मंच के माध्यम से जनपद के कलाकारों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। महोत्सव में 500 से अधिक जोड़े का सामूहिक विवाह माध्यम से विधि विधान से विवाह कराया जाएगा। परिषदीय स्कूलों एवं माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाएगा। कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिससे जनपद व देश के नामी कवि भाग लेगे। महोत्सव में सांसद व अभिनेता रवि किशन जी, पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ व आम्रपाली दुबे और बॉलीवुड सिंगर वरदान सिंह भी समय देगे। महोत्सव में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के परिवार वालों, शहीद के परिवार वालों को सम्मानित किया जाएगा। पत्रकारिता, कला, संस्कृति, गायन, शिक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता को भी सम्मानित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव कन्नौजिया, बसंत प्रजापति, नंदलाल, सुनील, सीपीन, यशवन्त साहू, जय विजय, विष्णु, शिव कमल, अभिषेक , पुष्पेंद त्यागी, सचिन पाण्डेय व रमेश यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## सचिव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने मंडलीय अस्पताल में भ्रमण कर किया निरीक्षण

**मीरजापुर**। सचिव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र शासन डॉ पिंकी जोवेल ने जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के साथ मण्डलीय अस्पताल के तीसरे मंजिल पर नव निर्माणाधीन आईपीएचएल लैब एवं पुराने जिला महिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज महिला विंग का भ्रमण कर निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। आईपीएचएल लैब के निरीक्षण के दौरान कार्य पूर्ण पाया गया। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से दो दिन के अन्दर लैब भवन को हैंडओवर करते हुए होली से पहले लैब में सभी सुविधाएं ,मशीने स्थापित करते हुए चालू कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने बताया कि मेडिकल डाक्टर व अन्य स्टाफ की कमी को पूर्ण करते हुए मरीजो को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में कार्यवाही की जा रही हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में सभी स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक में टीवी उन्मूलन कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर, लैब टेक्नीशियन तथा तकनीकी सहायको की तैनाती/रिक्त पदो के बारे में विस्तृत समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त की। टीवी उन्मूलन अभियान के सम्बन्ध में उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 25 मार्च तक टीवी उन्मूलन कार्यक्रम को एक अभियान के रूप में चलाते हुए टीवी मुक्त भारत बनाने की दिशा में चिकित्सक कार्य करे। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रो में सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी शत प्रतिशत टीवी रोगियो को चिन्हित करते हुए उनका उपचार सुनिश्चित करें, नियमित रूप से टीवी रोगियों को दवा खिलाने हेतु जागरूक करते हुए उसका सत्यापन भी करे तथा पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु निक्षय पोटली कार्यक्रम के तहत स्वंय सेवी संगठनो व गणमान्य लोगो से समन्वय स्थापित कर टीवी रोगियों को निक्षय पोटली का वितरण कराएं।

# विभिन्न क्षेत्रों में अलग पहचान वाली महिलाओं का सम्मान



**जौनपुर**। लीनेस क्लब द्वारा महिला दिवस को दृष्टिगत रखते हुए, महिलाओं के अधिकारों, समानता और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मातृ शक्ति सम्मान समारोह एक होटल मे किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. लक्ष्मी सिंह सीएमओ, विशिष्ट अतिथि डॉ. शुभा सिंह अध्यक्ष आईएमए ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं डॉ. सुलोचना सिंह, डॉ. गीता यादव, डॉ. अंजना सिंह एवं डॉ. लक्ष्मी सिंह व डॉ. शुभा सिंह को अंग वस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ज्योति कपूर ने कहा कि महिला दिवस महज एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि महिला सशक्तिकरण और समानता की दिशा में एक कदम है। मुख्य अतिथि सीएमओ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रतीक है। आधुनिक समाज में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, फिर भी वे कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। डा0 शुभा सिंह ने कहा कि आज जहाँ महिलाएँ सशक्त हुई है वही खुद को पूर्ण रूप से सुरक्षित महसूस कर निर्भीक होकर विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर रही है। देश की महिला राष्ट्रपति व वित्त मंत्री के कुशल नेतृत्व मे पूरा देश आज तेजी के साथ विकास की ओर अग्रसर है। ममता उपाध्याय ने कहा कि समाज को तब तक विकसित नहीं किया जा सकता, जब तक महिलाएं हर क्षेत्र में स्वतंत्र और सशक्त न हो जाएं।संयोजक मिदहत फात्मा, डॉ. प्रिया सिंह, डॉ. आकांक्षा व मिनहाज ने संयुक्त रूप से संचालन किया। सचिव पूजा त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष स्वाती मेहरोत्रा, माया टंडन, शर्मिला सिन्हा, गीता गुप्ता, रविन्द्र कालरा, ममता सिंह , कविता वर्मा, जयश्री, पूनम सिंह, शशि श्रीवास्तव, पुष्पा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहीं।

## होमियोपैथी के विकास में डॉ. गुलाब चंद का अहम योगदान : एचएमआई

**आजमगढ़**। वरिष्ठ डा स्व. डॉ. गुलाब चन्द बरनवाल की दसवीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को एलवल स्थित इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान मरीजों की निःशुल्क जांच व उपचार किया गया। लोगों ने डा. गुलाब बरनवाल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। होमियोपैथी के विकास में डा. बरनवाल के योगदान को अतुलनीय करार दिया। इस दौरान श्रीमती उषा बरनवाल एवं निधि बरनवाल ने डा. एचएम सिंह को डा. गुलाब चन्द बरनवाल मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया। शिविर का शुभारम्भ डॉ. मालती मिश्रा, केंद्रीय होमियोपैथी परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. भक्तवत्सल, डा. विपिन यादव, डा. नित्यानन्द दुबे एवं सीताराम पांडेय, डा. देवेश दुबे ने डा. हैनिमन एवं डा. गुलाब चन्द बरनवाल के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। डॉ. मालती मिश्रा ने कहा कि डा. गुलाब चन्द बरनवाल का शिक्षण कार्य सराहनीय था। आपके पढ़ाये हुए छात्र आज भी आपको सम्मान के साथ याद करते है। आपकी अपने विषय में विषेषज्ञता अद्वितीय थी। डा. भक्तवत्सल ने डा. गुलाब के बारे में बताया कि वर्ष 1991 से 1993 तक होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिशन ऑफ इंडिया के आप प्रान्तीय अध्यक्ष रहे। उन्होंने होमियोपैथी के प्रचार-प्रसार में अपना अतुलनीय योगदान दिया। चेयरमैन होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिशन ऑफ इंडिया वुमेन्स विंग उत्तर प्रदेश डा. नेहा दुबे ने कहा कि हम सभी का लक्ष्य होमियोपैथी को जन-जन तक पहुचाना है। इसके लिए हम सदैव प्रयत्नशील रहेंगें।

संक्षेप

## रेलवे स्टेशन पर चला चेकिंग अभियान

**टूंडला।** होली त्यौहार को लेकर रेलवे स्टेशन टूंडला पर जीआरपी थाना पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बाहर से आने-जाने वाले रेलयात्रियों की सघन चेकिंग की गई। गुरुवार को जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे पुलिस ने रेल यात्रियों के बैग, अटैची, झोला, बोरा आदि सामानों की चेकिंग की तथा संदिग्ध दिखाई देने वाले रेलयात्रियों से पूछताछ की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि होली त्यौहार को लेकर ट्रेनों एवं स्टेशन पर भीड़ के चलते रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए प्रतिदिन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिससे रेल यात्रियों को सुरक्षा प्रदान की जा सके। साथ ही टिकट घर, वेटिंग रूम, सभी प्लेटफार्म, कंट्रोल ऑफिस आदि स्थानों पर जवानों द्वारा चेकिंग कराई जा रही है। इस मौके पर रेलवे पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

## मादक पदार्थों को नष्ट कराया



**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित ड्रग डिस्पोजल कमेटी अध्यक्ष द्वारा जनपद में माल निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को जनपद के विभिन्न थानों के 157 एनडीपीएस अभियोगों से सम्बन्धित कुल 32.794 किलोग्राम मादक पदार्थों गांजा, चरस, डायजापाम, नशीला पाउडर आदि को जेआरआर वैस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड एत्मादपुर जनपद आगरा में जनपदीय डीडीसी कमेटी की उपस्थिति में भस्मक भट्ठी में नष्ट कराया गया। इस प्रकार अब तक जनपद में कुल एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित कुल 1470 अभियोगों में कुल 21 क्विंटल 10 किलोग्राम मादक पदार्थों को भस्मक भट्ठी में नष्ट कराया जा चुका है।

## ज्वैलर के सामने से ही चोर चुरा ले गये लाखों के आभूषण

**आगरा।** ज्वैलर को अपनी बातों में उलझाकर चोर लाखों रुपये की ज्वैलरी चुराकर ले गए। चोरों के जाने के बाद ज्वैलर को चोरी का पता चलने पर वह बाहर आकर उनकी खोज में जुटा, तब तक चोर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। मामला पिनाहट का है। यहां अम्बेडकर चौराहा स्थित नितिन गुप्ता ज्वैलर्स के यहां दो चोर ग्राहक बनकर पहुंचे। दोनों काफी देर तक सोने-चांदी के ज्वैलरी बदलवा-बदलवाकर देखते रहे। ये कभी कोई आभूषण उठाते तो कभी कोई और। चोर का दूसरा साथी ज्वैलर को अपनी बातों में उलझाए रखा। इसी बीच ज्वैलरी देख रहा चोर एक एक कर आभूषण पार करता रहा। दुकानदार की नजरों के सामने से ही आभूषण चोरी कर लेने के बाद दोनों चोर बाहर निकले और बाइक पर सवार होकर फुर हो गए। चोरों के जाने के बाद ज्वैलर ने ज्वेलरी चेक की तो उसमें कुछ सामान कम मिला। हड़बड़ाकर दुकानदार बाहर आकर चोरों की तलाश में जुटा पर तब तक काफी दूर निकल चुके थे। पुलिस अब चोरों की तलाश में जुटी है।

# रंजिश में विवाद के बाद जमकर पथराव, वीडियो हुआ वायरल



**मथुरा।** गुरुवार दोपहर गोवर्धन थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव आन्यौर में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में आपस में विवाद हो गया। विवाद ने इतना विकराल रूप ले लिया कि दोनों पक्षों में ईंट पत्थर फिकने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोवर्धन पहुंचा। दोनों पक्षों से करीब 11 लोगों को चोट आई हैं। मीडिया से बात करते हुए दोनों पक्षों ने एक दूसरे के ऊपर दबंगई दिखाते हुए हमला करने का आरोप लगाए है। पथराव के वीडियो सोशल मीडिया पर वीडियों वायरल हो गई है। जिसके बाद पुलिस कार्यवाही में जुट गयी है।

मामला गोवर्धन थाने के अंतर्गत आन्यौर गांव का है। बुधवार देरशाम एक पक्ष के युवक के साथ दूसरे पक्ष के लोगों ने शराब पीकर उसके साथ मारपीट की थी। मामले को समझा बुझाकर वहीं खत्म कर दिया गया। लेकिन गुरुवार सुबह गुड्डू पुत्र दाउजी और विजय पुत्र सिरिया पक्ष के बीच विवाद फिर बढ़ गया। मारपीट और गाली गलौज से शुरू हुए मामले ने पथराव का रूप धारण कर लिया। इस घटना में दोनों पक्षों के करीब 11 लोग चुटेल हुये हैं, जिनमें महिलायें भी शामिल है। सभी घायलों को गोवर्धन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर प्राथमिक उपचार के लिये भेजा गया है। दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश के चलते विवाद था जिसने आज यह रूप ले लिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दोनों पक्ष जमकर ईंट पत्थर फेंकते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि महिलाओं से मारपीट का विरोध करने पर बचाव में आए परिजनों से भी मारपीट की गयी है, महिलाओं के कानों के कुण्डल और सोने की चैन आरोपी लूट ले गये हैं। इस संबंध में प्रभारी इंस्पेक्टर और प्रशिक्षु आईपीएस गोल्डी गुप्ता ने बताया कि बच्चों के बीच विवाद के बाद यह मामला बढा है। इस घटना में फायरिंग नहीं हुयी है। दोनों पक्षों के लोग घायल हैं, जिन्हें मेडिकल जांच के लिये अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस घटना से शांति व्यवस्था प्रभावित हुयी है और परिक्रमा मार्ग क्षेत्र में अफरा तफरी मची है। होली के त्यौहार के दृष्टिगत पुलिस सतर्क है। इस घटना से श्रद्धालुओं में भय व्याप्त हुआ है। इस मामले में आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# बांके बिहारी मंदिर की वीआईपी लाइन में हुई रिंग सेरेमनी, वीडियो वायरल

- आस्था के मंदिर में इस प्रकार के आयोजन से लोगों ने अपनी आपत्ति की जाहिर



**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध वृन्दावन का बांके बिहारी मंदिर हमेशा सुर्खियां में रहने वाला इस बार एक अनोखे कार्य से एक बार काफी चर्चा में है, इस बार चर्चा का विषय मंदिर की वीआईपी लाइन में प्रेमी युगल की रिंग सेरेमनी है, मंदिर में रिंग सेरेमनी करने पर लोगों का कहना है कि मंदिर में इस तरह की चीजें नहीं होनी चाहिए।

ठाकुर बांके बिहारी मंदिर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है, इसमें एक प्रेमी युगल मंदिर की वीआईपी लाइन में रिंग सेरेमनी करते हुए नजर आ रहा है, इस वायरल वीडियो पर लोग बड़ी संख्या में अपनी आपत्ति दर्ज करवा रहे हैं, यह कोई पहली घटना नहीं है जब मंदिर चर्चा में आया हो. इससे पहले भी मंदिर कई बार मीडिया और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय रह चुका है। प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के वीआईपी लाइन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, इसमें मंदिर के वीआईपी कटघर के अंदर एक युगल जोड़ी एक दूसरे को माला पहनाते और अंगूठी पहनते हुए दिखाई दे रहे हैं, यह सब मंदिर की मुख्य मूर्ति के सामने हो रहा था, इसी दौरान किसी ने उनकी वीडियो बना ली और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था, वायरल वीडियो में लिखा गया है कि ड्रीम रिंग सेरेमनी. इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोगों ने अपनी आपत्ति जाहिर की है। लोगों ने कहा है कि यह है बिल्कुल गलत है, मंदिर में इस तरह से कोई भी आकर रिंग सेरेमनी नहीं कर सकता, लोगों का कहना है कि पहले भी शादी मंदिर में शादी को लेकर विरोध हुआ था, शादी को को लेकर विरोध हुआ था, जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, इस बार में मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रबंधक मुनिश कुमार से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि इस वीडियो के बारे में उन्हें अभी तक कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

# ई-लाटरी के माध्यम से हुआ शराब की दुकानों का आवंटन




**फिरोजाबाद।** उप्र शासन व आबकारी आयुक्त उप्र के आदेशों के अनुपालन में गुरुवार को नोडल अधिकारी डॉ. राजशेखर आईएएस व रमेश रंजन डीएम व लाइसेंस प्राधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समिति जिसमें सौरभ दीक्षित एसएसपी विशु राजा एडीएम रवि शंकर वर्मा जिला आबकारी अधिकारी व अरविन्द सिंह स.आ.आ. दौराला आसवनी मेरठ आ.आ. द्वारा नामित सदस्य सम्मिलित थे के समक्ष आबकारी दुकानों की ई-लाटरी की प्रकिया सम्पन्न की गयी ई-लाटरी की प्रक्रिया डबरई स्थित कलैक्ट्रेट परिसर में की गयी, जिसमें जनपद की देशी शराब दुकान 291, कम्पोजिट दुकान 169 मॉडलशाप 3 व भांग की 22 कुल 486 दुकानों में से देशी शराब की 291 व विदेशी मदिरा की 156. मॉडलशाप की 3 व भांग की 22 कुल 467 दुकानें ई-लाटरी प्रथम चरण प्रकिया के माध्यम से नियमानुसार शान्तिपूर्वक तरीके से व्यवस्थित हुयी है तथा 19 दुकानों में एक भी फार्म न आने के कारण उन दुकानों का व्यवस्थापन अगले चरण ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा, प्रथम चरण ई-लाटरी में प्रोसेसिंग फीस से जनपद फिरोजाबाद से 18 करोड़ 22 लाख का राजस्व उप्र राज्य सरकार को प्राप्त हुआ है।

## मुठभेड़ में 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा एक 10 हजार रुपये के इनामिया हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम को मुखबि ? द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना सिरसागंज का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त एवं थाना टूण्डला पर पंजीकृत मुकदमे में 10 हजार रुपए का इनामी वांछित लुटेरा टप्पेबाज अभियुक्त सनी उर्फ सनिया किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में थाना क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा नगला राई मोड़, सोथरा रोड़ पर चैकिंग की जा रही थी चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को बाइक पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार उक्त संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया गया तो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर बाइक को वापस मोड़कर भागने लगा, लेकिन हड़बड़ाहट में भागते समय उसकी बाइक फिसलकर गिर गई। पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उक्त संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान 10 हजार रुपये के इनामिया हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सनी उर्फ सनिया पुत्र महेन्द्र सिंह के रुप में हुई ।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध चोरी लूट, बलवा मारपीट जानलेवा हमला छेड़खानी रेप अवैध असलहा एवं अवैध शराब सम्बन्धी गम्भीर अपराधों में करीब 02 दर्जन अभियोग जनपद के विभिन्न थानों में पंजीकृत हैं। अभियुक्त सनी उर्फ सनिया थाना टूण्डला का 10 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त है। अभियुक्त के कब्जे से 01 चोरी की मोटरसाइकिल 01 तमंचा 02 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस एवं लूटे गये 05 हजार रुपये बरामद हुए। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कर अन्य विधिक कार्यवाही की गई है।

## दो पहिया वाहन चालकों को पुष्प देकर हैलमेट पहनने की अपील की

**फिरोजाबाद।** गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में प्रभारी यातायात मय पुलिस टीम द्वारा एनसीसी कैडेट्स के साथ सडक सुरक्षा अभियान के तहत बिना हैलमेट पहने दुपहिया वाहन चालकों को पुष्प देकर हैलमेट पहनने की अपील की और हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया साथ ही उन्होंने सुरक्षित यातायात के लिए सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताया और कहा कि हैलमेट का सदैव प्रयोग करें, तीन सवारी न बैठायें, यातायात सिग्नल का सदैव पालन करने, नशे में गाडी न चलायें , गाडी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने साथ ही सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की थीम अपनाये।

# घर के सामने कूड़े के ढेर में मिला युवक का शव

- तीन दिन से तलाश रहा था परिवार, पड़ोसियों पर हत्या का आरोप

**आगरा।** फतेहाबाद क्षेत्र के गांव से तीन दिन पहले गायब हुए युवक की लाश घर से सामने कूड़े के ढेर में मिली। परिजनों ने पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। थाना फतेहाबाद क्षेत्र में तीन दिन से लापता युवक की लाश घर के सामने कूड़े के ढेर में दबी मिली। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। युवक की लाश को देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने जमीन की रंजिश के चलते गांव के ही लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। थाना फतेहाबाद के गांव बड़ा कछियारा निवासी 23 वर्षीय सोनू पुत्र रामबरन तीन मार्च की रात को घर से अचानक गायब हो गया। परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे हुए थे, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिवार के लोगों ने थाने में गुमशुदगी की सूचना दे दी थी। परिवार के लोग उसके साथ अनहोनी की आशंका के चलते दहशत में थे। गुरुवार सुबह जब गांव के ही लोग कूड़ा डालने के लिए पहुंचे, तो उन्होंने कूड़े के ढेर में सोनू की लाश को देखा। इसकी सूचना मिलते ही परिवार के लोग आ गए। सोनू की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने पुलिस को बताया है सोनू की घर के सामने रहने वाले पड़ोसियों से जमीन को लेकर रंजिश चल रही है। इसी रंजिश के चलते उसकी हत्या कर दी गई और लाश को कूड़े के ढेर में दबा दिया गया। वहीं घटना के बाद से पड़ोसी फरार हैं। जानकारी मिलते ही एसीपी फतेहाबाद अमरदीप लाल और डीसीपी पूर्वी अतुल शर्मा मौके पर पहुंचे गए। पुलिस अधिकारी मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

# संस्कृति स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर ने दालों के उत्पादन वृद्धि पर किया मंथन



**मथुरा।** संस्कृति विवि के स्कूल आफ एग्रीकल्चर द्वारा विश्व दलहन दिवस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने कहा कि यद्यपि भारत दलहन के उत्पादन में विश्व में अग्रणी है लेकिन विश्व की बढ़ती मांग को देखते हुए हमें उत्पादन को और बढ़ाना होगा। सेमिनार में संस्कृति स्कूल आफ एग्रीकल्चर के डीन डॉ. कंचन सिंह ने दालों के पोषण महत्व के बारे में बताया कि ये बहुत समृद्ध हैं। मनुष्यों और जानवरों दोनों के लिए प्रोटीन, विटामिन और खनिजों का प्रमुख स्रोत हैं । उन्होंने बताया कि आहार में दालें मनुष्यों और पशुओं दोनों के लिए बहुत जरूरी हैं और इनकी कमी विभिन्न बीमारियों और विकारों का कारण बन सकती हैं। संस्कृति स्कूल औफ एग्रीकल्चर विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. सतीश चंद्र ने कहा कि लंबे समय से हमारा देश दालों के उत्पादन और खपत दोनों में बहुत आगे है। हमारे देश में दालें हमारे भोजन का एक आवश्यक हिस्सा रहती हैं। यही वजह है कि देश में दालों की खपत बहुते है। देश की लगातार बढ़ती जनसंख्या के कारण मांग में भी बहुत तेजी से इजाफा हो रहा है। इस मांग की भरपाई के लिए दालों के उत्पादन में और वृद्धि की जरूरत है। उत्पादन में आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए भारत सरकार ने कानपुर में पल्स रिसर्च सेंटर की स्थापना की है। रिसर्च सेंटर के माध्यम से दलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ाने और कमियों को दूर करने में बहुत मदद मिलेगी। आने वाले वर्षों में देश दलहनी फसलों के उत्पादन में बड़ी वृद्धि करने में समर्थ होगा इसकी पूरी उम्मीद है। उन्होंने बताया कि 2023-24 में भारत का कुल दलहन उत्पादन 23.4 मिलियन मीट्रिक टन था, आने वाले वर्षों में यह उत्पादन और बढ़ जाएगा। सेमिनार में बी.एससी. कृषि की तृतीय वर्ष की छात्रा जी लिखिता ने विषय संबंधी महत्वपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की। अन्य वक्ताओं ने भी मानव स्वास्थ्य के लिए दालों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में कृषि विद्यालय के डीन को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सेमिनार में डॉ. आकाश सहित, डॉ. दिजेंद्र कुमार, डॉ. दलवीर सिंह और डॉ. हर्षवर्द्धन, डॉ. ट्विंकल, डॉ. ग्रेस, डॉ. सुदीपा, डॉ. अविनाश मिश्रा, डॉ. नवीन मौर्य व डॉ. विभु पांडे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# शराब-भांग की 461 दुकानों का लाटरी ड्रॉ से आवंटन



- मंडलायुक्त और जिलाधिकारी पुलिस कप्तान की मौजूदगी में डैपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में हुई प्रक्रिया

**मथुरा।** जनपद में शराब की 461 दुकानों का आवंटन लाटरी ड्रा द्वारा किया गया। इसमें 13 ऐसी भी दुकान थीं जिनके लिए सिर्फ एक एक ही आवेदन आया था। आवंटन के दौरान पाच्चजन्य प्रेक्षागृह में लोगों की भीड़ जुटी रही। संपूर्ण ई लॉटरी की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

गुरुवार को जनपद में शराब और भांग की दुकानों की लॉटरी की प्रक्रिया आगरा मंडल आयुक्त शैलेंद्र सिंह और जिलाधिकारी सीपी सिंह पुलिस कप्तान शैलेश कुमार पांडे की मौजूदगी में डैपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में हुई। जिला आबकारी अधिकारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में शराब की 461 दुकानों का लाटरी द्वारा आवंटन किया गया। इसमें 9622 लोगों के बीच लाटरी ड्रा का मुकाबका हुआ जिसमे 196 देशी 209 कम्पोजिट दुकान 7 मॉडल शाप और 49 भांग की दुकान थीं। इनके लिए 9624 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से दो आवेदन पत्र निरस्त किए गए। इस तरह देशी की 196 दुकानों के लिए 3686 आवेदन 209 कम्पोजिट दुकानों के लिए 36067 मॉडल शाप के 101 और 49 भांग की दुकानों के लिए 2229 आवेदन थेए जिसके आधार पर आवंटन किया गया। इसमें भी देशी की सात कम्पोजिट की चार मॉडल शाप एक और भांग की एक दुकान के लिए सिर्फ एक एक आवेदन था। इस प्रक्रिया के दौरान मथुरा वृंदावन

विप्रा द्वारा विकसित डैपियर नगर स्थित पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में भीड़ जुटी रही। बड़ी संख्या में आवेदकों के साथ उनके परिचित भी यहाँ पहुंचे थे।

# गोकुल की छड़ीमार होली 11 मार्च को, होली को लेकर हुई बैठक

**मथुरा।** भगवान कन्हैया की नगरी गोकुल में होने वाली विश्व प्रसिद्ध छड़ी मार होली 11 मार्च को गोकुल के मुरलीधर घाट पर होगी। शुक्रवार को गोकुल के एक स्थानीय होटल में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एसडीम आदेश कुमार सीओ धर्मेंद्र कुमार डेजी पवार थानाध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष संजय दीक्षित नंद बाबा मंदिर के पुजारी छनियालाल के नेतृत्व में होली की तैयारी को लेकर बैठक की गई। छड़ी मार होली का डोला नंद बाबा के मंदिर से सभी गोपी वालों के साथ में बैंड बाजा के साथ में बाजारों में होते हुए मुरलीधर घाट पर पहुंचता है वहां पर गोपी और ग्वालो की छड़ी मार होली होती है फिर फूलों की होली होती है उसके बाद में टेसू के बने रंगों की होली का आयोजन किया जाता है। एसडीएम आदेश कुमार ने बताया कि होली के स्थान पर जितने भी मंदिर के कर्मचारी होंगे वह होली खेलने वाले लोग होंगे उनके सभी के पास परिचय पत्र होंगे तभी उनको प्रवेश दिया जाएगा। दो बड़ी स्क्रीन लगाकर होली का लाइव प्रसारण होगा। सीओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया गोकुल के चारों तरफ रोड पर पुलिस की बैरिकैटिंग लगाई जाएगी और बाजारों में से अतिक्रमण हटाया जाएगा जिन लोगों ने बाजारों में अतिक्रमण कर रखा है वह स्वयं हटा लें 11 तारीख से पहले कोई दुकानदार अपने दुकानों पर लोकल रंगों के कट्टा नहीं बेचेगा अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत के अध्यक्ष संजय दीक्षित बताया कि कस्बा में सभी जगह सफाई व्यवस्था की जाएगी। मुरलीधर घाट पर लोगों के स्वास्थ्य के लिए मेडिकल टीम व एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जाएगी। लोगों के लिए पानी पीने के लिए टैंकर लगाए जाएंगे। गोकुल के सभी रास्ता पर सफेदी डाली जाएगी। बैठक में अमित बाबू अतुल तिवारी उमेश तिवारी राहुल शर्मा राहुल मंदिर प्रबंधक गिरधारी भाटिया आदि मौजूद रहे।

# अंतर विभागीय रेलवे क्रिकेट टूर्नामेंट में आरपीएफ टूंडला ने जीता मैच



**टूंडला।** अंतर विभागीय रेलवे क्रिकेट टूनामेंट 2025 का आयोजन रेलवे कम्पनी बाग में हुआ। मैच का शुभारंभ डिप्टी सीटीएम टूंडला अमित सुदर्शन ने फीता काटकर किया। इस दौरान प्रथम मैच आरपीएफ टूंडला एवं रेलवे प्रोजेक्ट यूनिट टूंडला के मध्य खेला गया। जिसमे आरपीएफ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की तथा आरपीएफ की तरफ से लक्ष्मण सिंह ने 31, नवीन ने 46 एवं राजकुमार ने 46 रन बनाएं कुल 206 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेलवे प्रोजेक्ट यूनिट टूंडला की टीम 103 रन बनाकर ऑल आउट हो गई एवं आरपीएफ ने 103 रन से मैच को जीता। आरपीएफ ने मैन ऑफ दा मैच राजकुमार रहे। वहीं दूसरा मैच आरएसओ टूंडला एवं कंट्रोल टूंडला के मध्य खेला गया। जिसमे कंट्रोल ने टॉस जीतकर पहले गेंदवाजी की। आरएसओ ने कुल 182 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कंट्रोल टूंडला की टीम ने 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस दौरान आरपीएफ ने 102 रन से मैच को जीता। आरएसओ टीम के अर्जुन को मैन ऑफ दा मैच के विनर रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# शम्भू कुंज में 22 फरवरी से गंदा बदबूदार पानी, कॉलोनी निवासी योगी से मिलेंगे

**आगरा।** शम्भू कुंज कॉलोनी, जो मुगल रोड कमला नगर में स्थित है, के निवासी 22 फरवरी से गंदे और बदबूदार पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। कॉलोनी के निवासी पिछले 12 दिनों से लगातार पानी की गुणवत्ता की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कॉलोनी के लोग बताते हैं कि उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए अधिशासी अभियंता और अवर अभियंता को वाट्सऐप और मोबाइल के माध्यम से शिकायत भेजी थी, लेकिन समस्या के समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। कॉलोनी के लोग अब पानी की समस्या से निपटने के लिए बोतलें मंगाकर और पड़ोस से पानी लेकर काम चला रहे हैं। कैलाश शर्मा, अध्यक्ष शम्भू कुंज वेल्फेयर सोसाइटी, ने बताया कि इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए कॉलोनी निवासी एकजुट हो रहे हैं और कल माननीय मुख्यमंत्री और आयुक्त आगरा से भेंट करने का कार्यक्रम बना रहे हैं। उनका उद्देश्य मुख्यमंत्री से इस मामले की ओर ध्यान आकर्षित कराना और शीघ्र समाधान प्राप्त करना है। कॉलोनी के निवासी इस स्थिति से काफी परेशान हैं क्योंकि गंदा पानी न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है, बल्कि दैनिक जीवन के सामान्य कामों में भी रुकावट डाल रहा है। पानी की गुणवत्ता में सुधार न होने के कारण लोग अपने घरों में सफाई और अन्य घरेलू कामों के लिए भी परेशानी महसूस कर रहे हैं। कॉलोनी के लोग इस बात से भी नाराज हैं कि शिकायत करने के बावजूद स्थानीय अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। अब, इस समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया है ताकि इस मुद्दे को जल्दी सुलझाया जा सके। कैलाश शर्मा और अन्य कॉलोनी निवासी उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी और गंदे पानी की समस्या का समाधान शीघ्र होगा।

# अखिलेश यादव ने दलित दो बहनों शादी में दो लाख का किया कन्यादान

**मथुरा।** करनावल में दलित समाज की दोनों बेटियों मनीषा व रानी पुत्री श्री पदम सिंह की शादी दिनांक 7 मार्च को होनी है। जिससे एक दिन पूर्व आज 6 मार्च को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादवपूर्व मुख्यमंत्री उप्र ने दोनों बेटियों को कन्यादान के लिये दो लाख रुपये कन्यादान स्वरूप सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन सुमन, बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती व लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर रामकरण निर्मल, प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा, आजाद सिंह जाटव पूर्व जिला अध्यक्ष आगरा डालो, जिला अध्यक्ष मथुरा वीरेंद्र यादव , जिला महासचिव सुभाष पाल, जिला उपाध्यक्ष दिगंबर सिंह ,वरिष्ठ नेता प्रदीप चैधरी सहित तमाम समाजवादी साथियों ने गांव करनावल जाकर दोनों बेटियों के हाथों में कन्यादान की राशि भेंट की।



आज के कार्यक्रम से दो दिन पूर्व जिला समाजवादी पार्टी द्वारा घोषित 51 हजार रुपए की धनराशि भी परिवार को उपलब्ध करा दी गई थी। इस मौके पर श्री रामजीलाल सुमन जी ने कहा कि कुछ सामाजिक तत्व हर समाज में पैदा होते हैं उनकी वजह से किसी संपूर्ण समाज को दोषी नहीं ठहराया जा सकता । सपा हमेशा समाज में सौहार्द चाहती है। लेकिन कुछ राजनीतिक दल अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस भाईचारे को तोड़ना चाहते हैं। लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जब से पीडीए का नारा दिया है प्रदेश में आपसी मेलजोल बड़ा है। इसी को लेकर कुछ लोग इसे तोड़ना चाहते हैं। मिठाई लाल भारती, रामकरण निर्मल प्रदेश अध्यक्ष लोहिया वाहिनी ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आशीर्वाद के रूप में इन बेटियों को 200000 भेंट करवाए हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से विश्व गुरु जाटव राष्ट्रीय महासचिव अंबेडकर वाहिनी ,आशीष गौतम राष्ट्रीय सचिव अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ ,नितिन कोहली आगरा शालू यादव आशीष गौतम, डॉक्टर संतोष वर्मा प्रमुख महासचिव लोहिया वाहिनी, सोनू ठाकुर जिला सचिव, पवन चौधरी अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, मुन्ना मलिक जिला अध्यक्ष योवजन सभा, रानू यादव महानगर अध्यक्ष छात्र सभा, सुरेश यादव पूर्व प्रधान ,सौदान सिंह रामनिवास पप्पू जाटव आदि मौजूद रामनिवास , रामपाल पूर्व प्रधान रहे । सभी ने दोनों बेटियों की शादी कल धूमधाम से करने का संकल्प लिया।

## एडीजी ने किया मथुरा जंक्शन का निरीक्षण

**मथुरा।** मथुरा रेलवे जंक्शन पर राजकीय रेलवे पुलिस पर एडीजी रेलवे प्रकाश डी गुरुवार दोपहर निरीक्षण करने पहुंचे। एडीजी के पहुंचने पर सर्वप्रथम उन्हें गार्ड ऑफऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने थाने की हेल्प डेस्क का रजिस्टर चेक कर जानकारी ली। उन्होंने सम्बंधितों को रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि से काशी विश्वनाथ धाम जायेगा रंग-गुलाल

- श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार के भाव से भेजे हुए गुलाल से होली खेलेंगे काशी विश्वनाथ

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव श्री कपिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि फाल्गुन शुक्ल नवमी तद्नुसार 08 मार्च शनिवार को प्रातः 10 बजे श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार के भाव से गुलाल, अबीर, पटुका, पिचकारी एवं गुजिया-प्रसाद आदि काशी विश्वनाथ धाम, भव्य यात्रा रूप में भेजा जायेगा। श्री शर्मा ने आगे बताया कि यह गुलाल-यात्रा भगवान श्रीकशवदेवजी, माँ योगमायाजी, श्रीगर्भ-गृहजी एवं भागवत भवन स्थित श्रीराधाकृष्ण मंदिर में होते हुऐ श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्यद्वार पर पहुँचेगी जहाँ सुसज्जित वाहन में दिव्य होली प्रसाद को लेकर श्रीकृष्ण जन्मभूमि के पूजाचार्य एवं श्रीकृष्ण जन्मस्थान से जुड़े भक्तगण काशी विश्वनाथ धाम लेकर जायेंगे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि द्वारा भेजे गये गुलाल से ही रंगभरी एकादशी के दिन बाबा विश्वनाथ, भगवती अन्नपूर्णा आदि रंगारंग होली के दर्शन भक्तों को देंगे। पौराणिक मान्यताओं एवं परंपराओं के अनुरूप होली का मुख्य आयोजन रंगभरी एकादशी के दिन श्रीकृष्ण जन्मभूमि एवं काशी विश्वनाथ धाम, दोनों ही स्थानों में एक ही दिन होता है। अतः श्रीकृष्ण जन्मभूमि से भेजे गये प्रसाद का एक विशेष महत्व तो है ही, करोड़ों-करोड़ सनातनियों के लिए भी एक संदेश है। सदस्य श्री गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि से काशी विश्वनाथ धाम की इस गुलाल यात्रा में भक्त, ब्रजवासी सम्मिलित होकर इस ऐतिहासिक पुनीत अवसर के साक्षी बनकर अक्षुण्ण पुण्य प्राप्त करें।

